बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार

संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 124 | सोमवार 26 अगस्त 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के कारण घरेलू आय में आई गिरावट

–कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम ने केंद्र सरकार की तुलना शुतुरमुर्ग से की

नई दिल्ली(एजेंसी)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर फिर हमला बोला है। कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि वेतन वृद्धि की धीमी गति और बेतहाशा महंगाई के चलते मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट आई है। कांग्रेस ने कहा कि शुतुरमुर्ग की तरह सरकार भी भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष खड़ी सबसे बुनियादी चुनौती के प्रति आंखें मूंद कर बैठी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि एक ब्रोकरेज फर्म की नई रिपोर्ट ने उस सच्चाई पर प्रकाश डाला है, जिसे मोदी सरकार नकारती रही है कि भारत में वास्तविक घरेलू आय में लगातार गिरावट आ रही है। धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के कारण वास्तविक मजदूरी या कहें कि आय में अभूतपूर्व गिरावट आई है।

उन्होंने आगे कहा कि कई सर्वेक्षण और डेटा, जिनमें अपंजीकृत उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण, आरबीआई के केएलईएमएस डेटा और घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण शामिल हैं, ने कामकाजी वर्ग के भारतीयों के बीच वित्तीय संकट को दर्शाया गया है। सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों समेट डेटा के कई स्रोतों ने इस बात के स्पष्ट प्रमाण भी दिखाए हैं कि श्रमिकों की खरीदारी करने की क्षमता आज दस साल पहले की तुलना में कम हो गई है।

रमेश ने कहा कि श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी 2014-2023 के बीच स्थिर रही। वहीं, साल 2019-2024 के बीच इसमें गिरावट आई है। उसके बाद कृषि मंत्रालय की कृषि सांख्यिकी पर नजर डालें तो डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में, खेतिहर मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल 6.8 फीसदी की दर से बढ़ी थी जबकि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में, खेतिहर मजदूरों की वास्तविक मजदूरी में हर साल माइनस 1.3 फीसदी की गिरावट आई। उन्होंने कहा कि आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण सीरीज में तो समय के साथ औसत वास्तविक कमाई 2017 और 2022 के बीच सभी प्रकार के रोजगारों, वेतनभोगी श्रमिकों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और स्व-रोजगार श्रमिकों में स्थिर हो गई है। वहीं, श्रम अनुसंधान एवं कार्रवाई केंद्र के मामले में साल 2014 और 2022 के बीच ईंट भट्ठा श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी या तो स्थिर हो गई है या घट गई। ईंट भट्ठों में काफी मेहनत लगती है और यह भारत के सबसे गरीब लोगों के लिए कम वेतन वाला आखिरी विकल्प होता है।

जेल में मासूम बन रहा संजय रॉय, खुद को बता रहा बेगुनाह

कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में लेडी ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर का आरोपी संजय रॉय बहुत शातिर है। जेल में बंद संजय रॉय ने वहां के गार्डों से कहा कि वह पूरी तरह बेकसूर है। इस मामले से परिचित जेल अधिकारियों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संजय रॉय ने जेल के कुछ गार्ड्स से कहा कि उसे रेप और हत्या के बारे में कुछ भी नहीं पता है। कोलकाता पुलिस के मुताबिक संजय रॉय ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल के अंदर 31 साल की ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या करने की बात कबूल की थी। जबकि शुक्रवार को उसने सियालदह में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अदालत के सामने अपने बेगुनाह होने का दावा किया। उसने जज से कहा कि उसने अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए रजामंदी दी थी। सीबीआई और पुलिस ने संजय रॉय के बयानों में भारी विरोधाभासी बातें पाईं। एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि वह जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। अधिकारी ने कहा कि वह अपने चेहरे पर लगी चोटों और अपराध के समय अस्पताल की इमारत में अपनी मौजूदगी के बारे में कोई सफाई नहीं दे सका। शनिवार को संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कुछ तकनीकी कारणों से रोक दिया गया था। शनिवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ। संदीप घोष और चार अन्य डॉक्टरों समेत छह लोगों का लाई डिटेक्टर टेस्ट किया गया।संजय रॉय को कड़ी सुरक्षा के बीच कोलकाता की प्रेसीडेंसी जेल के सेल नंबर 21 में रखा गया है। वह सेल में अकेले हैं। कड़ी निगरानी रखने के लिए उनके सेल के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। संजय रॉय की साइकोलॉजीकल प्रोफाइलिंग में पाया गया कि वह एक विकृत इंसान है और पोर्नोग्राफी का बहुत बड़ा आदी है। एक सीबीआई अधिकारी ने एक डॉक्टर के हवाले से कहा कि उसके अंदर एक जानवर जैसी प्रवृत्ति है।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो. नं:-9911733939

नशे के कारोबार को ध्वस्त करने का अमित शाह ने बताया तरीका, कहा- 'टॉप टू बॉटम' और 'बॉटम टू टॉप' अप्रोच अपनानी होगी

रायपुर(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है। शाह ने आज नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास' करने के चार सूत्रों पर जोर दिया।

शाह ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प किया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है। मेरा मानना है कि नशा मुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''अवैध मादक पदार्थों का कारोबार ना केवल भारत के लिए एक चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। मेरा मानना है कि देश में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है। अगर हम दृढ़ संकल्प और रणनीति के साथ लड़े तो हम यह लड़ाई जीत सकते हैं। मुझे कहने में झिझक नहीं है कि कई देश इसके खिलाफ अपनी लड़ाई हार चुके हैं।'' शाह ने कहा,''मादक पदार्थों के अवैध व्यापार का उद्देश्य ना केवल युवाओं को बर्बाद करना है बल्कि मादक पदार्थों के व्यापार से उत्पन्न अवैध धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी किया जाता है। यह हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है कि कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति के साथ देश को नशा मुक्त बनाया जाए।'' केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की और कहा, ''छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के दुरुपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। छत्तीसगढ़ की सीमा ओड़िशा और आंध्र प्रदेश सहित सात राज्यों से लगती है, जहां से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती है।'' उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 4.98 प्रतिशत गांजे का नशे के लिए उपयोग किया जाता है जो राष्ट्रीय औसत 2.83 प्रतिशत से अधिक है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ड्रग तस्कर अपना तरीका बदल रहे हैं और प्राकृतिक दवाओं से सिंथेटिक दवाओं की ओर जा रहे हैं, जिससे सबसे अधिक नुकसान होता है। उन्होंने मादक पदार्थों के व्यापार नेटवर्क को खत्म करने के लिए 'ऊपर से नीचे' और 'नीचे से ऊपर' दृष्टिकोण के साथ वैज्ञानिक जांच पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। शाह ने कहा, यदि किसी छोटी सी दुकान में मादक पदार्थ का एक पैकेट मिलता है, तो हमें जांच करनी होगी कि यह कहां से आया और कहां बनाया गया। इस पूरी व्यवस्था की पृष्ठभूमि को खत्म करने के लिए हमें वैज्ञानिक तरीके से जांच करने की आदत डालनी होगी।

कांग्रेस सालों तक सत्ता में रही उसने जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई?

–राहुल गांधी के बयान पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस को घेरा

लखनऊ(एजेंसी)। यूपी के रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के आरक्षण और जातीय जनगणना वाले बयान पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा- कांग्रेस पार्टी इतने सालों तक सत्ता में रही तो उसने जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई?

मायावती ने कांग्रेस पार्टी को दोगले चरित्र की पार्टी करार देते हुए कहा कि यह कांग्रेस पार्टी ही है जिसने कभी भी बाबा साहब को सम्मान नहीं दिया, ना तो जीते जी ना ही मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न दिया। यही नहीं मान्यवर कांशीराम जी के निधन के बाद भी एक दिन का राजकीय शोक तक नहीं मनाया। मायावती ने कांग्रेस से सवाल किया है कि कांग्रेस पार्टी इतने सालों तक सत्ता में रही तो उसने जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई, जबकि बसपा हमेशा से इसकी पक्षधर रही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस की चुप्पी को लेकर मायावती ने कहा कि इतना ही नहीं, संविधान के तहत् एससी-एसटी को मिले आरक्षण में अब वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के जरिये, इसे निष्प्रभावी व खत्म करने की चल रही साजिश के विरोध में कांग्रेस, सपा व बीजेपी का चुप्पी साधे रखना क्या यही इनका दलित प्रेम है? सचेत रहें सपा, कांग्रेस और बीजेपी जैसी इन आरक्षण विरोधी पार्टियों के साथ अब किसी भी चुनाव में इनसे कोई गठबन्धन करना क्या एससी-एसटी व ओबीसी वर्गों के हित में उचित होगा। यह कतई नहीं होगा ऐसे में अब इनको खुद अपने दम पर खड़े होना है, यही सलाह है।

बता दें राहुल गांधी शनिवार को प्रयागराज पहुंचे और 'संविधान का सम्मान और उसकी रक्षा कार्यक्रम में शिरकत की थी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि 90 फीसदी लोग सिस्टम के बाहर बैठे हैं और उनकी भागीदारी के बिना देश नहीं चल सकता और इसके लिए 50 फीसदी आरक्षण का बैरियर उखाड़ फेंकेंगे। राहुल गांधी ने संविधान सम्मान सम्मेलन के दौरान देशव्यापी जाति जनगणना की मांग करते हुए कहा कि मैंने पूर्व मिस इंडिया की सूची देखी, लेकिन विजेताओं में कोई दलित, आदिवासी या ओबीसी नहीं मिला।

नेपाल में सड़क दुर्घटना में मारे गए 25 भारतीयों के शव विमान से भारत लाए गए

मुंबई। नेपाल के भरतपुर से 25 भारतीय तीर्थयात्रियों के शव लेकर भारतीय वायुसेना का एक सैन्य परिवहन विमान महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचा। काठमांडू से करीब 115 किलोमीटर दूर नेपाल के तनहुन जिले में शुक्रवार को एक बस दुर्घटना में भारतीयों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में 27 भारतीयों की मौत हो गई और दो लोगों के शव यूपी के महाराजगंज लाए जाएंगे। भारतीय वायुसेना ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा-नेपाल में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 25 भारतीय नागरिकों के शव हवाई मार्ग से लाने के लिए सी-130जे विमान तैनात किया। इसमें कहा गया है कि शवों को नेपाल के भतरपुर से जलगांव (महाराष्ट्र) लाया गया। भारतीय वायुसेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। भारतीय तीर्थयात्री दस दिवसीय दौरे पर नेपाल आए थे। इस दुर्घटना में 16 अन्य घायल भी हुए हैं। मध्य नेपाल में एक भारतीय पर्यटक बस शुक्रवार को राजमार्ग से पलटकर 150 मीटर नीचे नदी में गिर गई थी।

इस्कॉन मंदिर में लाखों रुपए की पोशाक पहनेंगे कान्हा, विदेशी फूलों से होगा श्रृंगार

कानपुर। जन्माष्टमी को लेकर कृष्ण मंदिरों में तैयारी जोरों पर है। जन्माष्टमी को खास बनाने खास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कानपुर के इस्कॉन मंदिर में इस बार जन्माष्टमी को खास मनाने के लिए भगवान श्री कृष्ण के लिए 4.5 लाख रुपए की पोशाक वृंदावन से तैयार होकर आई है, जो श्री कृष्ण अपने जन्म उत्सव पर पहनेंगे। इतना ही नहीं विदेशी फूलों से भगवान का श्रृंगार किया जाएगा साथ ही 1008 व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इस्कॉन मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव रविवार शाम को शुरू होगा और यह एक सितंबर तक चलेगा। 26 तारीख को लोग भगवान के सुबह 4-30 बजे से रात तक दर्शन कर सकेंगे। एक सितंबर को भगवान श्री कृष्ण की छठी का आयोजन होगा। इस बार भगवान श्री कृष्णा वृंदावन से बनकर आई 4.5 लाख रुपए की खास पोशाक पहने हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही उनके लिए थाइलैंड से ऑर्चिड, बेंगलुरु, पुणे और कई प्रदेशों से तरह-तरह के फूल साज सज्जा के लिए मंगाए गए हैं। इस्कॉन मंदिर के कोऑर्डिनेटर ने बताया कि जन्मोत्सव के दिन सुबह से ही विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 25 हजार चांदी के कलशों से भगवान का अभिषेक किया जाएगा फिर आरती की जाएगी। वहीं भगवान के लिए 1008 भोग तैयार किए जाएंगे। इतना ही नहीं लोग अपने घरों से भी विशेष साफ-सफाई के साथ भोग बनाकर लाएंगे। उनका भोग भी भगवान के सामने रखा जाएगा, तो करीब 11 हजार तक भोग भगवान को लगाए जाने की तैयारी की गई है।

सड़कों पर उतरे सितारे बोले- आरोपियों पर करें सख्त कार्रवाई

कोलकाता (एजेंसी)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार-हत्या की घटना में पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए पश्चिम बंगाल मोशन पिक्चर आर्टिस्ट फोरम ने टॉलीगंज में विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अभिनेता परमब्रत चटर्जी ने कहा कि 16 दिन बीत चुके हैं और इस दौरान कम से कम 5 अन्य बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। हम सभी जानते हैं कि बदलापुर, असम और मुजफ्फरनगर में क्या हुआ। मैं कोलकाता से हूं, इसलिए मैं कोलकाता प्रशासन से जवाबदेही की मांग करूंगा। आरजी कर घटना में शामिल सभी लोगों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। अभिनेता परमब्रत ने आगे कहा, बलात्कार का कारण बनने वाली मानसिकता में एक व्यवस्थित बदलाव की जरूरत है। जो लोग राजनीति करना चाहते हैं, वे ऐसा करेंगे। अगर प्रशासन यह कहना शुरू कर देता है कि सड़कों पर विरोध करने वाले सभी लोग राजनीति से जुड़े हैं, तो यह सही नहीं है... हम यहां किसी राजनीतिक बैनर के तहत नहीं हैं। हम न्याय के लिए यहां हैं। उन्होंने कहा, हमारे पांच लोगों का प्रतिनिधिमंडल कल सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीबीआई से मिलने गया था, लेकिन वहां से भी हमें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। हमारी एकमात्र मांग न्याय है। हमने सीबीआई से कहा कि हमारे चल रहे विरोध के पीछे का मकसद न्याय है, जो आपके हाथ में है क्योंकि आप सभी जांच अधिकारी हैं। इसलिए जितनी जल्दी आप हमें बता सकते हैं कि इसमें कौन शामिल था, हम अपने विरोध की दिशा तय कर सकते हैं। उन्होंने हमसे कहा कि बस उन पर भरोसा रखें। हमने समय सीमा के बारे में भी पूछा तो सीबीआई ने कहा कि यह संभव नहीं है लेकिन जितनी जल्दी हो सके, हम करेंगे।

महाराष्ट्र में राजनीतिक कीचड़ के लिए शरद पवार जिम्मेदार: राज ठाकरे

– सीएम शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस के खिलाफ उतारेंगे उम्मीदवार

मुंबई (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में भाजपा महायुति को बिना शर्त समर्थन देने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एकला चलो रे का रुख अपनाया है। उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए अब तक अपने सात उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है. इस बीच मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के खिलाफ उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि राज्य में महाविकास अघाड़ी और महायुति की राजनीति सभी ने देखी है और अभी की राजनीतिक स्थिति मनसे के लिए अच्छी है। हम 288 सीटों में से करीब 175 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं. राज ठाकरे ने नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान किया कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नीस के खिलाफ उम्मीदवार उतारेंगे. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मनसे महायुति और महाविकास अघाड़ी में नहीं है। राज ठाकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना से सरकार को कोई फायदा होता नहीं दिख रहा है. लोग काम चाहते हैं, उन्हें काम दीजिए. वे मुफ्त पैसे नहीं मांगते. किसान मुफ्त बिजली नहीं मांग रहे हैं. वे इसे मुफ़्त देते हैं क्योंकि उन्हें वोट चाहिए। राज ठाकरे ने इस बात की भी आलोचना की कि लोग टैक्स का पैसा बांट रहे हैं. यह कैसे हम बर्दाश्त करें? उन्होंने ये सवाल भी पूछा. हालांकि, राज ठाकरे ने मराठा आरक्षण और मनोज जारांगे पाटिल के आंदोलन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. राज ठाकरे ने कहा कि आरक्षण को लेकर स्थिति स्पष्ट है और मैंने पहले भी इसकी घोषणा की है.

महाराष्ट्र में राजनीतिक कीचड़ के लिए शरद पवार जिम्मेदार

राज ठाकरे ने एक बार फिर एनसीपी शरद पवार गुट पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि एनसीपी के गठन के बाद से ही राज्य में विभाजन और जातिवाद की राजनीति शुरू हो गयी. उन्होंने आरोप लगाया कि आज राज्य में जो राजनीतिक कीचड़ है उसके लिए शरद पवार जिम्मेदार हैं. पुलोद सरकार की स्थापना के बाद से ही राज्य में हिंसा की राजनीति शुरू हो गई. एनसीपी का जन्म भी अराजकता से हुआ है. उन्होंने इस बात की भी आलोचना की कि उन्होंने जातिवाद का मुद्दा उठाया. राज ठाकरे ने कहा कि अब सभी राजनीतिक दलों को एक समान दर से नुकसान हो रहा है.

बारामूला में हुई मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर, सर्च अभियान जारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सेना ने सर्च अभियान जारी रखा है, इसी बीच बारामूला जिले में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। शनिवार को हुई इस मुठभेड़ से पहले वाटरगाम इलाके में भी सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई थी। मुठभेड़ के संबंध में अधिकारी ने बताया, कि सर्च के दौरान हुई गोलीबारी में जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। आतंकी के हथियार को मुठभेड़ स्थल से बरामद कर लिया गया है। फिलहाल मारे गए आतंकवादी की पहचान का पता लगाया जा रहा है। उक्त अधिकारी ने बताया कि सर्च अभियान इलाके में लगातार जारी है, जो आगे भी जारी रहेगा। यहां बतलाते चलें कि सेना, अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस सहित सुरक्षा बल मिलकर पिछले करीब 03 माह से जम्मू-कश्मीर में सर्च के साथ आतंकवाद विरोधी अभियान चला रखे हैं। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भी पूरे जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा सतर्कता बरती जा रही है। गौरतलब है कि पिछले 02 माह के दौरान आतंकवादियों ने डोडा समेत कठुआ, पुंछ, राजौरी, रियासी और उधमपुर जिलों में सेना, सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ घात लगाकर हमले करने की रणनीति बना रखी है। आतंकवादियों के हमलों को देखते हुए सर्च अभियान चलाया गया है। आतंकवादियों की तय कार्यप्रणाली, अचानक हमला कर जंगलों में गायब हो जाने के खिलाफ भी सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की है। सुरक्षा बलों के अधिकारियों का कहना ??है कि आतंकवाद विरोधी रणनीति कारगर साबित हो रही है।

एससीओ की बैठक अक्टूबर में, क्या पीएम मोदी जाएंगे पाकिस्तान?

–पाकिस्तान चाहता है भारत का साथ, प्रधानमंत्री को दिया न्योता

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए न्योता दिया है। यह बैठक इस साल अक्टूबर में इस्लामाबाद में होनी है और इस बैठक में एससीओ के सदस्य देशों के राष्ट्र प्रमुख हिस्सा लेंगे। हालांकि भारत और पाकिस्तान के संबंधों को देखते हुए इसकी कम ही संभावना है कि पीएम मोदी पाकिस्तान का दौरा करें। क्या पीएम मोदी अपनी जगह अपने किसी मंत्री को पाकिस्तान भेजेंगे या नहीं यह भी देखना होगा।

पाकिस्तान 15 व 16 अक्टूबर को एससीओ की बैठक की मेजबानी करेगा। एससीओ बैठक मेजबानी बारी-बारी से सभी सदस्य देशों को मिलती है। इसके तहत इस बार बैठक की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। एससीओ की राष्ट्र प्रमुखों की बैठक में पीएम मोदी शामिल होते रहे हैं, लेकिन इस साल कजाखस्तान में हुई बैठक में पीएम मोदी शामिल नहीं हुए थे क्योंकि यह बैठक देश में लोकसभा चुनाव के समय हुई थी। पीएम मोदी की जगह उस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए थे। अभी तक ये साफ नहीं है कि पाकिस्तान में होने वाली बैठक में नेताओं को वर्चुअल संबोधित करने की सुविधा मिलेगी या नहीं।

एससीओ में चीन, रूस के साथ भारत और पाकिस्तान सदस्य हैं। एससीओ में चीन का दबदबा है। चीन ने इसका इस्तेमाल बीआरआई को प्रमोट करने के लिए किया था। हालांकि भारत ने कभी भी चीन की इस परियोजना का समर्थन नहीं किया और बीते साल भी एससीओ के संयुक्त साझा बयान में भारत ने बीआरआई का जिक्र नहीं करने दिया था। एससीओ एकमात्र बहुपक्षीय संगठन है, जिसमें भारत और पाकिस्तान साथ काम करते हैं।

बता दें एससीओ एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखना है। 2001 में इसका गठन हुआ था। एससीओ चार्टर पर 2002 में हस्ताक्षर हुए और 2003 में इसे लागू किया गया। इस संगठन का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास और सद्भाव को मज़बूत करना। राजनीति, व्यापार और अर्थव्यवस्था, अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रभावी सहयोग को बढ़ावा देना है। एससीओ के सदस्य देशों में चीन, रूस, पाकिस्तान, भारत, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाखस्तान शामिल हैं।



विकारी कंस का अंत करने के लिए ही जन्मे थे भगवान श्रीकृष्ण!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

वृंदावन, जिसे भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली कहा जाता है, में जन्माष्टमी का पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा। वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा। बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के दिन ही विशेष मंगला आरती की जाती है, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रात 12 बजे के समय श्रीकृष्ण ने कंस का अंत करने के लिए ही धरती पर जन्म लिया था। तभी से उनके जन्मदिन को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है।इस बार पंचांग के अनुसार, सुबह 5 बजकर 55 मिनट से 7 बजकर 36 मिनट तक अमृत चौघड़िया रहने वाला है। ये योग पूजा के लिए शुभ है। इसके बाद अमृत चौघड़िया पूजन का मुहूर्त 3 बजकर 36 मिनट 6 बजकर 48 मिनट तक है।

निशीथ काल में भी आप पूजा कर सकते हैं, जो रात में 12 बजकर 1 मिनट से 11 बजकर 44 मिनट तक है।भगवान के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में अलग ही उत्साह और धूम देखने को मिलती है। इस दिन भक्त सच्चे मन से भगवान की पूजा-अर्चना कर उनके नाम का उपवास रखते हैं, रात्रि के समय भगवान को स्नान आदि करा 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जाता है, इसके बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय विशेष पूजा की जाती है।इस बार जन्माष्टमी पर चंद्रमा वृषभ राशि में ही विराजमान रहेंगे, माना जाता है कि जब कृष्ण भगवान का जन्म हुआ था तब भी ऐसा ही योग बना था। इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को मनाई जा रही है, सोमवार के दिन ही भगवान कृष्ण का नामकरण हुआ था। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी बन रहा है।जन्माष्टमी भले ही रंगों का त्यौहार न हो,लेकिन इस दिन अलग अलग रंग के कपड़ों का अलग महत्व होता है। कुछ रंगों के कपड़ों को पहनना बहुत शुभ माना जाता है। कुछ रंग तो भगवान श्रीकृष्ण को बेहद प्रिय रहे हैं और इन रंगों को पहनने से व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। वैसे तो त्योहार के दिन किसी भी हल्के रंग के कपड़ों को पहनना शुभ माना जाता है, मगर कुछ रंगों का चयन अत्यंत लाभकारी होता है। भगवान श्री कृष्ण के प्रति अपने मन में श्रद्धा और भक्ति रखकर अपने कपड़ों के लिए मनमुताबिक रंग का ड्रेस खरीद सकते

हैं।गुलाबी रंग प्रेम और सुख का प्रतीक है। इस रंग को शुक्र ग्रह से भी जोड़कर देखा जाता है। जन्माष्टमी के दिन गुलाबी रंग के कपड़े पहन सकते हैं ,जो जीवन में प्रेम और सुख-समृद्धि का प्रतीक है।जन्माष्टमी के त्योहार के लिए लाल रंग को बेहद शुभ माना जाता है। लाल रंग ऊर्जा और साहस का प्रतीक भी माना जाता है। लाल रंग को मंगल ग्रह से भी जोड़ कर देखा जाता है। ऐसे में इस साल कृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार पर लाल रंग के कपड़े पहनते हैं तो जीवन में भी अकूत उत्साह और ऊर्जा की वृद्धि होगी।पीला रंग भगवान विष्णु का प्रिय रंग है, धर्मिक मान्यता के अनुसार, श्रीकृष्ण उन्हीं के अवतार हैं। ऐसे में अगर जन्माष्टमी के दिन पीले रंग के कपड़े पहनते हैं तो जीवन में खुशियां और समृद्धि बनी रहती है। साथ ही भगवान कृष्ण की विशेष कृपा बनी रहती है।सफेद रंग शांति का प्रतीक है और इसे चंद्रमा से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में सफेद रंग के कपड़े पहने तो जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है।नीला रंग को सीधे तौर पर भगवान श्रीकृष्ण से जोड़कर देखा जाता है।नीले रंग का कपड़ा पहनने से मानसिक शांति मिलती है, साथ ही जीवन की अन्य परिस्थितियों में भी संतुलन बना रहता है।हरे रंग को हरियाली से जोड़कर देखा जाता है। साथ ही हरे रंग को खुशहाली का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे में जन्माष्टमी के दिन अगर आप हरे रंग का कपड़ा पहते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा हमेशा बनी रहती है।जन्माष्टमी पर लाखों कृष्ण भक्त मंदिर में ठाकुर जी के बाल रूप के दर्शन करने पहुंचते हैं। मथुरा और वृंदावन में तो जन्माष्टमी की धूम रहती है। जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रतीक है, जो अधर्म पर धर्म की विजय और प्रेम, भक्ति, और ज्ञान का संदेश देता है।जन्माष्टमी पर गायन है,नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की।श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, जन्माष्टमी के उत्सव की शुरूआत 26 अगस्त को सुबह 5.30 बजे मंगला आरती से होगी। इसके बाद, सुबह 8.00 बजे भगवान का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। रात्रि 11.00 बजे से मुख्य कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा, जिसमें श्रीकृष्ण के जन्म की महाआरती का आयोजन विशेष आकर्षण होगा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों को भव्य रूप से सजाया गया है, जिससे श्रद्धालु यहां आकर आस्था और भक्ति के वातावरण में डूब सकें।

वृंदावन, जिसे भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली कहा जाता है, में जन्माष्टमी का पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा। वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा। बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के दिन ही विशेष मंगला आरती की जाती है, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।जन्माष्टमी की रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का बाला महाभिषेक किया जाएगा, जो कि करीब 2 घंटे तक चलेगा। यह अभिषेक केवल एक बार, इसी दिन किया जाता है। इसके बाद ठाकुर जी को पीतांबरी पोशाक और चिरौंजी मेवे से बनी पंजीरी का भोग लगाया जाएगा। इस महाभिषेक और मंगला आरती को देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ेगी, जिससे पूरे वृंदावन का वातावरण भक्तिमय हो जाएगा।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)

संपादकीय

चुनाव और राजनीति

शासित प्रदेश जम्मूझकश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक यहां दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक घटनाएं हुई हैं जो किसी-न-किसी रूप में चुनाव परिणामों को प्रभावित करने वाले साबित हो सकते हैं। पहला राम माधव की भाजपा की मुख्यधारा की राजनीति में वापसी और दूसरा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की जम्मू-कश्मीर की यात्र-ा। आतंकवाद से पीड़ित इस सूबे में एक दशक बाद चुनाव होने जा रहा है। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 25 सीटों पर विजय हासिल थी। पार्टी के लिए यह भारी जीत थी क्योंकि 2008 के चुनाव में उसे केवल 11 सीटें मिली थीं। 2014 के चुनाव में भाजपा को जो जीत हासिल हुई थी उसका श्रेय राम माधव को दिया गया था। वह तब सूबे के चुनाव प्रभारी थे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ भाजपा के गठबंधन का सूत्रधार भी उन्हें ही माना जाता है। उनकी इसी प्रतिभा के कारण शायद भाजपा ने फिर से उन्हें सूबे का चुनाव प्रभारी बनाया है। संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद सूबे की प्रकृति काफी बदल गई है। जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है और परिसीमन के बाद विधानसभा की सीटें बढ़कर 90 हो गई हैं। जम्मू संभाग में पहले ३७ सीटें थीं, जो अब बढ़कर 43 हो गई हैं। कश्मीर घाटी में 47 सीटें हैं। सूबे में पहली बार अनुसूचित जनजाति के लिए 9 सीटें आरक्षित हैं। जाहिर है अब नई तरह की परिस्थितियां हैं ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को नई चुनौतियों का सामना करना होगा। राहुल गांधी की कश्मीर यात्रा के बाद कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर जो धुंध की चादर पड़ी हुई थी वह छंट गई है। फारुख ने अनु. 370 बहाल करने की बात कही जबकि राहुल ने इसका जिक्र नहीं किया। अलबत्ता दोनों ने राज्य का दर्जा बहाल करने को प्राथमिकता बताया। चुनाव परिणामों की दृष्टि से देखा जाए तो घाटी में भाजपा की स्थिति कमजोर है जबकि जम्मू संभाग में कांग्रेस, एनसी और पीडीपी का जनाधार मजबूत नहीं है। यह सुनिश्चित है कि सूबे में किसी एक दल को बहुमत नहीं मिलने वाला।

चिंतन-मनन

सुख की उपेक्षा क्यों?

मेरे पास लोग आते हैं। जब वे अपने दुख की कथा रोने लगते हैं, तो बड़े प्रसन्न मालूम होते हैं। उनकी आंखों में चमक मालूम होती है। जैसे कोई बड़ा गीत गा रहे हों! अपने घाव खोलते हैं, लेकिन लगता है जैसे कमल के फूल ले आए हैं। सुख की तो कोई बात ही नहीं करता। और ऐसा नहीं है कि सुख नहीं है; हम सुख पर पर ध्यान नहीं देते हैं। हम दुःख-दुख चुन लेते हैं; हम सुख की उपेक्षा कर देते हैं। फिर जिसकी उपेक्षा कर देते हैं, स्वभावतः धीरे-धीरे वह दूर चला जाता है और जिसमें हम रस लेते हैं वह पास होता चला जाता है। संतों की बात तुम्हें तभी जमेगी, रुचेगी, भली लगेगी, प्रीतिकर मालूम होगी-जब तुम दुख को पकड़ना छोड़ दोगे; जब तुम जागोगे और सुख की सचेष्ट खोज शुरू करोगे। तुम्हारे भीतर अगर अभी भी दुख को पकड़ने का आयोजन चल रहा है, तो संतों के वचन तुम्हारे कानों में गूजेंगे और खो जाएंगे। तुम्हारे हृदय तक नहीं पहुंचेंगे। क्योंकि संतों के वचनों में बड़ा सुख भरा है। तुम सुखोन्मुख हो जाओ, तुम आनंद की खोज में लग जाओ; तो ये एक-एक शब्द ऐसे जाएंगे तुम्हारे भीतर जैसे तीर चले जाएं। और ये एक-एक शब्द तुम्हारे भीतर ऐसे-ऐसे हजार-हजार फूल खिला देंगे, जैसे कभी न खिले थे। तुम्हारे भीतर बड़ी रोशनी होगी।

ये छोटे-छोटे शब्द हैं। मगर ये बड़े सार्थक शब्द हैं। सुनो- ह्यबोलू हरिनाम तू छोड़ि दे काम सब, सहज में मुक्ति होई जाय तेरी।काम यानी कामना। काम यानी वासना। काम यानी इच्छा, तृष्णा। यह मिले वह मिले-कुछ मिले! जब तक हम मिलने की दौड़ में होते हैं, हम भिखमंगे होते हैं। और जब तक हम भिखमंगे होते हैं, तब तक परमात्मा नहीं मिलता। परमात्मा भिखमंगों को मिलता ही नहीं। परमात्मा सम्राटों को मिलता है। परमात्मा उनको मिलता है जो अपने मालिक है। परमात्मा उनको मिलता है जो कुछ मांगते ही नहीं। असल में वे ही परमात्मा को मांगने में कुछ सफल हो पाते हैं, जो और कुछ नहीं मांगते। जिन्होंने कुछ और मांगा, वे परमात्मा को कैसे मांगेंगे। वह जबान फिर परमात्मा को मांगने के योग्य न रह गई। वह जबान अपवित्र हो गई। जिस जबान से बेटा मांगा, बेटी मांगी, धन मांगा, पद मांगा, प्रतिष्ठा मांगी-उसी जबान से परमात्मा को मांगोगे? इस जहर भरे पात्र में अमृत रखोगे? यह जबान जब तक मांगती है तब तक संसार है। जिस दिन यह जबान मांगती नहीं, उस दिन परमात्मा की यात्रा शुरू हुई। उस दिन बिन मांगे मिलता है। ऐसे तो मांगे-मांगे भी नहीं मिलता।

शासन और प्रशासन के सामने न्यायपालिका का समर्पण?



सनत जैन

पिछले कुछ वर्षों से सरकार और प्रशासन के निर्देश पर तुरंत दान महाकल्याण की तरह, घटनास्थल पर ही फैसला करने की प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है। भीड़तंत्र भी सरकार और प्रशासन से जो चाहता है वह करा लेता है। कानून के नाम पर शासन और प्रशासन को जो अधिकार मिले हैं यदि उनके द्वारा इनका दुरुपयोग किया जाता है तो ऐसी स्थिति में जनता का विश्वास शासन और प्रशासन पर खत्म होने लगता है। शासन और प्रशासन अपने ही बनाए गए कानून का पालन नहीं कर रहे हैं। न्यायपालिका के अधिकारों का उपयोग प्रशासन खुलकर करने लगा है। इसके बाद भी भारत की न्यायपालिका मौन साध करके तमाशा देख रही है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही कहा जा रहा है, न्यायपालिका ने सरकार और प्रशासन के सामने समर्पण कर दिया है। भारत में संविधान लागू है। किसी भी मामले में विवाद अथवा अपराध होने पर जांच एजेंसी जांच करती हैं। जांच करने के बाद न्यायालय में मामले को पेश करती हैं। फैसला न्यायपालिका को ही करना होता है। शासन को कानून और नियम बनाने का अधिकार है। संविधान के दायरे में नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए, कानून और नियम बनाने के अधिकार सरकार के पास हैं। सरकार द्वारा बनाए गए कानून और नियमों का पालन कराने का अधिकार संविधान ने प्रशासन को दिया है। कानून का उल्लंघन करने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। फैसला न्यायालय ही कर सकती है। फैसला करने का अधिकार शासन और प्रशासन को नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में बुलडोजर संस्कृति और भीड़तंत्र तुरत-फुरत फैसला कर रहा है। शासन और प्रशासन किसी को भी अपराधी घोषित कर, कुछ ही घंटों में उसके मकान और संपत्ति को बुलडोजर से गिरा देती है। एक व्यक्ति के अपराध की सजा पूरे परिवार को बिना किसी अपराध के दे देती है। अपराध व्यक्ति द्वारा किया गया है। जांच किए बिना एक व्यक्ति के अपराध की सजा पूरे परिवार को देने की बुलडोजर संस्कृति उत्तर प्रदेश से शुरू हुई थी। जो अब कई राज्यों में फैल गई है। विशेष बात यह है, कि एक धर्म समुदाय के लोगों पर ही इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। राजनीतिक कारणों से अभी कोई विपक्षी दलों के राजनेता इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं देते थे, लेकिन जिस तरह से आए दिन बुलडोजर से घटना के कुछ ही घंटे बाद आरोपी की संपत्ति और उसके मकान को गिराया जा रहा है। उसकी प्रतिक्रिया अब पूरे देश में हो रही है। हाल ही में मध्य प्रदेश के छतरपुर में जिस तरह की घटना हुई है। उस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। आरोपी का करोड़ों रुपए की लागत का मकान एवं अन्य संपत्ति को अतिक्रमण मानते हुए बुलडोजर से ढहाया गया है। जिस मकान को गिराया गया है, उसको बनाने के लिए बैंक ने लोन दिया था। बैंक ने सारे कागज सर्च किए थे। सारी परमिशन उसके पास थी, उसके बाद भी शासन और प्रशासन की नाराजगी के चलते आरोपी का मकान गिरा दिया गया। वहां पर जो गाड़ियां खड़ी थीं, उन्हें बुलडोजर से तोड़ दिया गया। यह घटना टीवी पर दिखाई गई। इस घटना के माध्यम से शासन और प्रशासन ने एक धर्म समुदाय के लोगों को आतंकित करने का काम किया है। अब इसकी जो जानकारी सामने आई है, उसके बाद विपक्षी दलों ने इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विरोध जताया है। बुलडोजर एक्शन पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, दिग्विजय सिंह और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश सिंह ने कार्यवाही का विरोध किया है। विपक्षी दल के नेताओं ने कहा, अपराध पर सजा देने का काम न्यायालयों का है। पुलिस द्वारा मामले की जांच नहीं की गई और आरोपी का मकान गिरा दिया गया। सही मायने में यह अन्याय की पराकाष्ठा है। कानून के रखवाले ही यदि कानून को तोड़ने का काम कर रहे हैं। संविधान, लोकतंत्र और मानवता का पालन नहीं कर रहे हैं। अपने ही बनाए गए कानून और नियमों का पालन नहीं करके आम जनता को आतंकित कर रहे हैं। शासन और प्रशासन की देखा-देखी भीड़ भी मौके पर न्याय करने लगी है। भीड़ सरेआम लोगों की हत्या कर रही है। देश में कई मावलीचिंग की घटनाएं हो चुकी हैं। इस तरह की घटनाओं में कई लोग मारे जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में घटना के तुरंत बाद सैकड़ों आरोपियों के मकान पिछले कुछ समय से तोड़े जा रहे हैं। आरोपी के परिवार को घर से बेघर कर दिया गया है। इस तरह की घटनाओं पर अब विपक्ष ने तो मोर्चा संभाला है। अदालतों के अधिकारों का उपयोग प्रशासन करने लगा है। शासन और प्रशासन न्यायपालिका और उसके आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं। ऐसी स्थिति में न्यायपालिकाएं अपने अस्तित्व की रक्षा कैसे कर पाएंगी? इसे आसानी से समझा जा सकता है। जब आदमी हर तरह से हार जाता है, तब वह न्यायालय और मीडिया की शरण में जाता है। यदि न्यायालय पर आम आदमी का विश्वास खत्म हो गया। तो, जो स्थिति हाल ही में बांग्लादेश और श्रीलंका में देखने को मिली है, वह भारत में भी जल्द ही देखने को मिल सकती है। अन्याय अब पराकाष्ठा पर पहुंच गया है। जब आम नागरिकों का न्याय व्यवस्था को लेकर विश्वास खत्म हो जाता है। शासन और प्रशासन पर भी विश्वास नहीं रहता है। तभी नक्सलवाद, आतंकवाद और फूलन देवी जैसे डकैत पैदा होते हैं। बांग्लादेश, श्रीलंका ही क्यों 1917 में रूस की जार क्रांति भी जनरोष के कारण ही तो हुई थी। जब-जब इस तरह की स्थिति बनती है, तब-तब जनता ही न्याय करने लगती है। अराजकता की यह स्थिति तब बनती है, जब जनता का न्याय व्यवस्था और राजा के ऊपर विश्वास खत्म हो जाता है। समय रहते न्यायपालिका को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी को समझना होगा। यदि विलंब हुआ तो न्यायपालिका के अस्तित्व पर भी संकट खड़ा होना तय है। भारत की संवैधानिक व्यवस्था में न्याय करने का अधिकार केवल और केवल न्यायपालिका के पास है।

महिला समानता दिवसः महिलाओं को समानता एवं सक्षमता के पंख देने होंगे

ललित गर्ग

दुनिया भर में, महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा से लेकर राजनीति और आर्थिक भागीदारी तक विभिन्न क्षेत्रों में लैंगिक असमानताओं को दूर करने के प्रयासों को तीव्र गति देने के लिये महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाता है। सन 1920 में इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 19वां संशोधन स्वीकार किया गया था। यह दिन महिलाओं को पुरुषों के समान मानने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। न्यूजीलैंड विश्व का पहला देश है, जिसने 1893 में महिला समानता की शुरूआत की। महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करने वाली एक महिला वकील बेल्ला अब्जुग के प्रयास से 1971 से 26 अगस्त को ह्यमहिला समानता दिवसह्ल के रूप में मनाया जाने इस वर्ष की थीम है समता को अपनाएं, जो न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उन्नति के लिए बल्कि समाज की समग्र प्रगति के लिए भी महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर केन्द्रित है। यह व्यापक मानवाधिकारों और सतत विकास के साथ लैंगिक समानता के परस्पर संबंध पर जोर देता है।

महिला समानता दिवस से जुड़ा हुआ रंग बैंगनी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त, बैंगनी रंग महिलाओं और लैंगिक समानता का प्रतीक है। यह न्याय और गरिमा का प्रतिनिधित्व करता है, और अक्सर दूरदर्शी सोच और महिलाओं के अधिकारों के लिए चल रही लड़ाई को दशार्ने के लिए उपयोग किया जाता है। महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज हमें महिला समानता दिवस मनाये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता के कारण महिला समानता ज्यादा अपेक्षित है। भारत ने महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार पुरुषों के बराबर दिया, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में काफी प्रगति देखी गयी है, खासकर शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे क्षेत्रों में। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम-2023 के माध्यम से नारी शक्ति को राजनीति में समानता देने की शुरूआत हुई है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी पहलों ने समाज में महिलाओं और लड़कियों की स्थिति को सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके अतिरिक्त, कार्यबल और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है। इन प्रगतियों के बावजूद, महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं। भारत में लैंगिक असमानता अभी भी व्याप्त है, खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहाँ महिलाओं को अक्सर शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह, घरेलू हिंसा और लैंगिक वेतन अंतर जैसे मुद्दे समानता की दिशा में प्रगति में बाधा डालते रहते हैं। कार्यस्थल पर लैंगिक समानता हासिल करना भारत सहित विश्व भर में एक महत्वपूर्ण लक्ष्य बना हुआ है। समान कार्य के लिए समान वेतन को बढ़ावा देने वाली नीतियों के माध्यम से इस असमानता को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। क्योंकि देश में ऐसी महिलाएं नजर आती हैं, जो सभी प्रकार के भेदभाव के बावजूद प्रत्येक क्षेत्र में एक मुकाम हासिल कर चुकी हैं और सभी उन पर गर्व भी महसूस करते हैं। परन्तु इस कतार में उन सभी महिलाओं को भी शामिल करने की जरूरत है, जो हर दिन अपने घर में और समाज में महिला होने के कारण असमानता, अत्याचार एवं उपेक्षा को झेलने के लिए विवश है। आये दिन समाचार पत्रों में लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और बलात्कार जैसी खबरों को पढ़ा जा सकता है, परन्तु इन सभी के बीच वे महिलाएं जो अपने ही घर में सिर्फ इसीलिए प्रताड़ित हो रही हैं, क्योंकि वह एक औरत है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट ह्यटाइम टू केयरह्ल में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों? दरअसल, इस तरह के हालात की वजह सामाजिक एवं संकीर्ण सोच रही है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में आमतौर पर सत्ता के केंद्र पुरुष रहे और श्रम और संसाधनों के बंटवारे में स्त्रियों को हाशिये पर रखा गया है। सदियों पहले इस तरह की परंपरा विकसित हुई, लेकिन अफसोस इस बात पर है कि आज जब दुनिया अपने आधुनिक और सभ्य होने का दावा कर रही है। एक बड़ा प्रश्न है कि आखिर कब तक सभी वंचनाओं,

महामारियों एवं राष्ट्र-संकटों की गाज स्त्रियों पर गिरती रहेगी।

जहां देश में प्रधानमंत्री के पद पर इंदिरा गांधी और वर्तमान में राष्ट्रपति के पद पर द्रोपदी मुर्मू हैं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी राज्य की बागडोर संभाल रही हैं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष भी एक महिला मायावती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को तो विश्व की ताकतवर महिलाओं में शुमार किया ही जा चुका है। पूर्व में लोकसभा में विपक्ष की नेता के पद पर सुषमा स्वराज और लोकसभा अध्यक्ष के पद पर मीरा कुमार ने भी महिला के गौरव को बढ़ाया हैं। कॉरपोरेट सेक्टर, बैंकिंग सेक्टर जैसे क्षेत्रों में इंदिरा नूई और चंदा कोचर जैसी महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। वर्तमान में निर्मला सीतारमण सहित अनेक महिलाओं ने राजनीति में अपनी छाप छोड़ रही है। हमारी सेना में महिलाओं की यथोचित भागीदारी उसे ज्यादा शालीन, सामाजिक, योग्य और कारगर ही बनाएगी।

युगों से आत्मविस्मृत महिलाओं को अपनी अस्मिता और कर्तृत्वशक्ति का तो अहसास हुआ ही है, साथ ही उसकी व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व चेतना में क्रांति का ऐसा ज्वालामुखी फूटा है, जिससे भेदभाव, असमानता, रूढ़संस्कार जैसे उन्हें कमतर समझने की मानसिकता पर प्रहार हुआ है। पुरुषवर्ग महिलाओं को देह रूप में स्वीकार करता है, किन्तु आधुनिक महिलाओं ने अपनी विविधआयामी प्रतिभा एवं कौशल के बल पर उनके सामने मस्तिष्क एवं शक्ति बनकर अपनी क्षमताओं का परिचय दिया है, वही अपने प्रति होने वाले भेदभाव का जबाव सरकार, समाज एवं पुरुषों को देने में सक्षम है, महिला समानता दिवस यदि उनकी सक्षमता को पंख दे रहा है तो यह जागरूक एवं समानतामूलक विश्व-समाज की संरचना का अभ्युदय है।

जंगली जानवरों का शिकार करने वाले शिकारी को वन विभाग ने दबोचा

कुछ शिकारी भागने में हुए सफल कुछ पकड़े गए

संस्कार उजाला
खुटार शाहजहांपुर

खुटार वन विभाग की टीम ने शिकार करने के बाद मांस को थैलों में भरकर बाइक से आ रहे आधा दर्जन शिकारियों की मेराबंदी कर दो को दबोच लिया। चार शिकारी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पकड़े गए शिकारियों के पास से मांस व खाबर बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपियों को देर रात खुटार वन क्षेत्राधिकारी रेंज कार्यालय ले गए।वन की टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। शाहजहांपुर सामाजिक वानिकी के खुटार वन रेंज के मंडनपुर जंगल में हो रही अवैध घुसपैठ पर लगाम नहीं लग पा रही है। लकड़कट्टे और शिकारी जंगल में अवैध रूप से घुसपैठ कर वन्य जीवों का शिकार जंगल में घुसे आधा दर्जन शिकारियों ने जंगल में साबर लगाकर जंगली सुअर (वन्य जीव) का शिकार कर लिया। मांस को थैली में पैक कर बाइक से गांव सिकराहना आ रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिकारियों की घेराबंदी शुरू की। बाइक सवार चार शिकारी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दो शिकारियों को मौके से दबोच लिया। पकड़े गए, शिकारियों को बलरामपुर पुलिस चौकी लाकर पूछताछ की गई। शिकारियों ने पूछताछ में अपना नाम किशन पाल पुत्र नन्हे लाल, मुकेश पुत्र सुखापाल गांव सिकराहना का निवासी बताया। फरार शिकारियों के नाम मुकेश पुत्र रामकुमार, अनंत राम पुत्र गोविंद, दो मझवी, तीन से चार अज्ञात बताया। पुलिस ने मामले की जानकारी खुटार रेंजर को दी। देर रात रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव टीम के साथ पहुंच गए। पकड़े गए शिकारियों के पास से थैले में भरे मांस के टुकड़े, खाबर, एक बाइक बरामद की। देर रात खुटार वन क्षेत्राधिकारी रात में गस्त के दौरान जानकारी मिली तब अधिकारियों ने की कार्रवाई कुछ शिकारी पकड़े गए हैं उनके पास से झावर बरामद हुई है कुछ भागने में सफल हुए उनकी लगातार तलाश की जा रही है अशोक चतुर्वेदी वन विभाग।

31 अगस्त को मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी जनजाति घुमंतू समाज बंधुवो का आवाहन

संस्कार उजाला
रिपोर्ट असगर अली

21 अगस्त 2024 को ऑल इन्डिया मुस्लिम बंजारा विकास मंच के राष्ट्रीय सयोंजक एवंम प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल गनी बंजारा लखनऊ के कलंदर खेड़ा गांव आलमबाग में घुमंतु वा अर्ध घुमंतु समाज के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे आदरणीय असीम अरुण जी कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार समाज कल्याण विभाग जी के साथ मंच साझा किया और घुमंतू समाज की पीड़ा और दुखों को उनके सामने रखा। और आने वाले 31अगस्त को मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी जनजाति घुमन्तू समाज बंधुओ का आवाहन किया गया है जिसके मुख्यअतिथि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी होगे इस मौके पर बंजारा समाज के मुस्तकबिल के लिये कुछ बैहतर फैसले माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लेगे 1947 के बाद कुछ अच्छा होगा बंजारा समाज के साथ माननीय प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल गनी बंजारा से हुई बातचीत से पता चला ऑल इंडिया मुस्लिम बंजारा विकास मंच के राष्ट्रीय मीडिया परभारी असगर अली

लड़की के पेट मे निकला बालों का गुच्छा डाक्टरों की टीम ने किया सफल आपरेश

संस्कार उजाला
शाहजहांपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सत्रह वर्षीय लड़की के पेट से निकला 16सेंटीमीटर 5 सेंटीमीटर का बालों का गुच्छा। आपको बता दें कि मरीज खुशी गौतम उम्र 17 वर्ष निवासी आमडर थाना सिंधौली पिता सिद्धार्थ कुमार के पेट दर्द की समस्या रहती थी। पिता सिद्धार्थ कुमार ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय शाहजहांपुर मे लाकर दिखाया तो डाक्टरों ने उसके पेट का सिटी स्कैन करवाया,सिटी स्कैन करवाने पर पेट में बालों का गुच्छा 16 सेमी.७ 5सेमी.का निकला। जिसका ऑपरेशन मंगलवार की सुबह सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. विभोर जैन एवं सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा.आदित्य कुमार सिंह तथा एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डा.गौरव द्वारा सफलता पूर्वक किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज पूर्णतय स्वस्थ है। जिसको अब डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। बहीं मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने डाक्टरों की सूझबूझ व सफलतापूर्वक आपरेशन करने की प्रशंसा करते हुये शुभकामनाएं दीं।

संक्षिप्त डायरी

सहारनपुर जलवायु फाउंडेशन के तत्वाधान में मेधावी एवं गरीब बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई

संस्कार उजाला
अजय सैनी सहारनपुर

छुटमलपुर क्षेत्र के शाकुम्बरी पब्लिक स्कूल स्थित मांडुवाला में जलवायु फाउंडेशन के तत्वाधान में गरीब बच्चों एवं मेघावी स्थिति वाले बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा के अंतर्गत ढाई सौ बच्चों को छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई जिसमें विभिन्न प्रकार के निशुल्क कोर्स एवं छात्रवृत्ति के आधार पर सीपीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट छुटमलपुर में सीखने की सुविधा प्राप्त होगी इस अवसर पर जलवायु फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक राणा तथा कोषाध्यक्ष राजीव राणा उत्तर प्रदेश सचिव नीतू राणा एवं प्रदेश अध्यक्ष उषा राठौर, वैशाली देवी, सूरज प्रजापति, फरमान खान, बृजेश कुमार, हिना राणा आदि गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे जलवायु फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक राणा ने कहा कि हमारे फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक क्षेत्र के गरीब बच्चों को एवं मेघावी छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करना है कंप्यूटर शिक्षा का ज्ञान प्राप्त कर यह बच्चे अपने भविष्य में तरक्की करेंगे एवं स्वरोजगार हासिल करेंगे इस दौरान फाउंडेशन टीम ने शाकुम्बरी पब्लिक स्कूल मांडूवाला के चेयरमेन संजय राणा का धन्यवाद किया कि उन्होंने छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कराई इस परीक्षा में नगर पंचायत छुटमलपुर, क्षेत्र के गांव रामखेड़ी, जजनेर ,शेरपुर, रसूलपुर ,हलवाना ,जीवाला आदि क्षेत्र के गांव के बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया

लॉर्ड श्री कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल में जन्माष्टमी पर्व पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया

संस्कार उजाला
अमित सेन सहारनपुर

छुटमलपुर जनपद सहारनपुर के नगर छुटमलपुर में लॉर्ड श्री कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल मे जन्माष्टमी पर्व के शुभ अवसर पर रंगारंग कार्यकर्म का मंचन किया गया। इस अवसर पर नन्हे नन्हे बच्चों वर्तिका नीति आराध्या सैनी अनन्या सैनी करुणा अवध विराट श्रृष्टि दीक्षा सिदरा कुणाल कुंज सूर्या और अन्य बच्चो ने राधा कृष्ण का अति सुंदर वेष धारण किया। वही दूसरी ओर स्कूल मे पढ़ने वाले बच्चे चिराग कंबोज दिव्यम गोयल नैतिक गगन कृष्णा पुंडीर अनिरुद्ध बौद्ध आरव कंबोज आदि मनमोहक झांकी मे श्री कृष्ण जीवन से जुड़े पात्र बने। स्टेज पर बच्चों ने श्री कृष्ण के जन्म का मंचम किया। नन्हे नन्हे बच्चे आरवि आशवी सांची नक्ष एंजेल आयुष अर्णव अनिरुध चौहान अर्सलान अलीना अपूर्वा अनिका आदि ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यकर्म का शुभारंभ, भाजपा नगर प्रभारी श्रीमती मंजु शर्मा एडवोकेट एव श्रीमती उषा राठौर जी , के द्वारा किया गया इस दौरान मुख्य अतिथियों का श्रीमती रेखा पूनेठा जी द्वारा माला अर्पण कर स्वागत किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबीता प्रमिला सैनी अनिता देवी सुषमा प्रिया राकेश चौधरी चन्द्र कांता, अंजू टांक बॉबी कांबोज, उर्मिला सैनी, सारिका गोयल, पिंकी त्यागी आदि महिला शक्ति संगठन की बहनें उपस्थित रहीं। इस दौरान कार्यक्रम में अर्पित अमन विवेक प्रिंस आर्यन यस द्वारा गोविंदा बनकर दही हांडी की मटकी फोड़ी का आयोजन किया गया कार्यकर्म का संचालन प्रतिष्ठा पूनेठा मुस्कान राव व पल्लवी ने किया कार्यकर्म को सफल बनाने मे समस्त शिक्षक गण श्रीमती रश्मि त्यागी निशु श्रीमती पूनम सैनी, हिमानी सत्यपाल चौहान मुस्कान राव, पल्लवी कश्यप और श्रीमती सुनीता सैनी का महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

व्यापारियों समाज की देश की रीढ़ है जाँच के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न बंद हो

संस्कार उजाला

चिलकाना/सुल्तानपुर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल चिलकाना इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आज संगठन के कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।और आगामी 3 सितंबर व्यापारी स्थापना दिवस को सफल बनाने का आह्वान किया गया ।इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष यूसुफ कुरैशी ने कहा कि व्यापारी समाज देश की रीढ़ है और हमारा व्यापार मण्डल लगातार व्यापारियों के और सामाजिक हितों को देखते हुए अनेकों मुद्दों को उठाने का काम करता है । और अपने लोगों की आवाज बुलंद करने का काम करता है ।उन्होंने कहा कुछ अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न करने में मस्त है वह सुधर जाए अन्यथा व्यापार मंडल के लोग ऐसे लोगों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।नगर महामंत्री आशु सैनी ने कहा कि जितनी जरूरत हम लोगों को व्यापार मंडल की है उतनी ही जरूर हमारी भी व्यापार मंडल को है।उन्होंने कहा की सभी साथी संगठन को मजबूत करने का कार्य करें।नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ रिजवान ने कहा की संगठन की ताकत को पहचान कर नए सदस्यों को जोड़ने का काम जल्द ही किया जाएगा।इस अवसर पर मनोज कुमार,तौहीद अली,राव जब्बार,फरमान अंसारी,प्रदीप उपाध्याय,आफताब गाड़ा, सतीश चौधरी,सालिब गौर,कुमैश चौधरी,रवि धीमान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ग्राम चौरीमण्डी में FBD के रक्तदान शिविर में 95 यूनिट रक्तदान किया

संस्कार उजाला

सहारनपुर सरसावा रक्तदान शिविर में महिलाएँ एवं प्रथम बार के रक्तदाता भी रक्तदान करने पहुँचेरक्तदान महादान है इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इस कथन को फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट (रजि०) से जुड़े रक्तवीर सार्थक सिद्ध कर रहे है। रक्त केवल मानव शरीर से ही लिया जा सकता है। इसी उद्देश्य को लेकर संस्था द्वारा ग्राम चौरीमण्डी में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में महिलाओ एवं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसके फलस्वरूप कुल 95 यूनिट रक्तदान हुआ।रक्तदान शिविर संयोजक डा. सालिम एवं पारस सैनी ने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता है यह केवल एक स्वस्थ महिला एवं पुरुष के शरीर से ही प्राप्त किया जा सकता है। रक्तदान करने से रक्तदाता के खून की जाँच करके कुछ सम्भावित बीमारियो का पता लगाया जा सकता है जिससे समय रहते उनका इलाज किया जा सके। रक्तदान शिविर सह- संयोजक अंकुश सैनी व अरविंद सैनी ने बताया कि हर स्वस्थ पुरुष एक वर्ष में 4 बार और महिला 3 बार तक रक्तदान कर सकती है।रक्तदान शिविर में आरती, मोनू चौधरी, सूरज सैनी, डा. महावीर सैनी, अनुज चौधरी, रिंकू, शिवम चौधरी आदि ने भाग लिया।

संक्षिप्त डायरी

पूजा सामग्री विसर्जित करने गई विवाहिता पूर्वी यमुना नहर में डूबी, तलाश जारी

संस्कार उजाला

भवानी सैनी बेहट कोतवाली क्षेत्र के गांव गंदेवड में पूर्वी यमुना नहर पूजा सामग्री विसर्जित करने गई एक विवाहिता अचानक पैर फिसलने से नहर के तेज बहाव के पानी में डूब गई। विवाहिता के शोर को सुनकर ग्रामीण नहर की तरफ दौड़े और घटना की सूचना परिजनो को दी । सूचना मिलते ही परिजनों व ग्रामीणों की भारी भीड़ नहर के किनारे पर जमा हो गई। जिसके बाद घटना की सुचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नहर में उसे तलाश किया मगर समाचार लिखे जाने तक विवाहिता की तलाश जारी थी।घटना रविवार की सुबह की है। कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव मीरपुर गंदेवड निवासी शिवानी पुत्री अमीचंद उपाध्याय की शादी जनता रोड स्थित ग्राम लखनौती लड़वा थाना देहात कोतवाली में हुई थी, विवाहिता रक्षाबंधन त्योहार के मौके पर आपने मायके में आई हुई थी। रविवार को युवती पूजा की सामग्री विसर्जित करने पूर्वी यमुना नहर के पुल पर पहुंची जहां उसका अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह पैर फिसल कर नीचे नहर में तेज बहाव पानी में डूब गई। डूबते हुए विवाहिता ने शोर मचाया तो शोर सुनकर दुकानदार और राहगीर नहर के पुल के पास पहुंचे मगर तब तक विवाहिता गहरे पानी में डूब गई थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर विवाहिता के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने मौके पर गोताखोरों को बुलाया और विवाहिता को नहर के पानी में तलाश कराया। मगर उस को पानी से नही निकाला जा सका। समाचार लिखे जाने तक विवाहिता का कोई सुराग नहीं लगा था और गोताखोर उसकी तलाश कर रहे थे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीएससी ने किया पौधारोपण

संस्कार उजाला ब्युरो

सहारनपुर। प्रधानमंत्री के एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर जनपद के सभी सीएससी केन्द्र संचालकों की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिला प्रबंधक सीएससी विकास त्यागी, जिला प्रबंधक रजत चौधरी एवं जिला समन्वयक अभिनंदन ओझा ने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर की ओर से अभियान के तहत सीएससी केन्द्रों, घरों, खेतों पर पौधे लगाने के लिए तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 150 पौधारोपण किया गया, भविष्य में भी सीएससी केन्द्रों द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जायेगा जिससे धरती को हरा-भरा रखा जा सके। वृक्ष मानव जीवन के अमूल्य है। इस अभियान के तहत स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील भी की गयी। इस अभियान का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को उज्ज्वल भविष्य व हरा-भरा वातावरण प्रदान करना है। पौधारोपण अभियान में भूप सिंह सैनी, शिवम शर्मा, अमित कुमार , राहुल पुंडीर, अनूप कुमार, अनुज कुमार एवं जावेद आदि सीएससी संचालकों ने भाग लिया।

कांवड़ यात्रा के दौरान उपद्रव करने वाले 05 वांछित अभियुक्तों को थाना गागलहेड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला

सहारनपुर गागलहेडी आपको बता दें कि कांवड़ यात्रा के दौरान गागलहेड़ी थाना क्षेत्रांतर्गत हिंडन नदी के पुल पर कुछ अराजक तत्वों (व्यक्तियों के झुंड) ने मार्ग को अवरूद्ध कर आने-जाने वाले लोगों के साथ मारपीट एवं उपद्रवियों द्वारा मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की नीयत से मारपीट तथा मोटरसाइकिल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दी गई थी। जिसमें आज एसएसपी रोहित सिंह सजवाण एवं एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में गागलहेड़ी थाना पुलिस को कामयाबी मिली है। पुलिस द्वारा उपद्रव करने वाले 05 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मुजफ्फराबाद वैदिक इंटर कॉलेज में स्थापना दिवस हिंदू सम्मेलन के रूम में मनाया गया

संस्कार उजाला
अजय सैनी सहारनपुर

मुजफ्फराबाद वैदिक इंटर कॉलेज मुजफ्फराबाद में विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में स्थापना दिवस हिंदू सम्मेलन के रूप में मनाया गया है जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नायब सिंह ने बोलते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधना है और इकट्ठा करके रखना है जिससे हमारा हिंदू समाज बिखरा- बिखरा ना रहे और उन्होंने कहा कि अगर कोई गैर हिंदू हमारे हिंदू धर्म को दबाने का काम करेगा तो उसको मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और आवाज दबाने वाले का इलाज कर दिया जाएगा उन्होंने बताया की विश्व हिंदू परिषद के द्वारा लव जिहाद, गोकशी, लैंड जिहाद, धर्मांतरण आदि को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य बड़ी तेजी से किया जा रहा है और जो हिंदू समाज के लिए महत्वपूर्ण है इस दौरान कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष सागर सैनी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की शुरूआत विभाग संगठन मंत्री प्रीत बहादुर के द्वारा की गई और कार्यक्रम मैं मातृशक्ति को उत्साह और शक्ति देने के लिए क्षमा शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई और उन्होंने कहा की लव जिहाद की लड़ाई के लिए महिलाओं को आगे आकर सराहनीय कार्य करने होंगे तभी हिंदू समाज की महिलाएं सुरक्षित रह पाएगी उन्होंने सभी महिलाओं एवं पुरुषों को बारीकी से जानकारियां देकर कहा की आपको आगे आकर लव जिहाद करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रखंड कुलदीप तथा जिला मंत्री मनीष योगाचार्य ,विभाग संयोजक हरिश कौशिक, पावन कौशिक, जिला सह मंत्री सनी कुमार, कर्ण सिंह , सतीश चौधरी, प्रमोद कुमार, सागर पंडित, प्रदीप कुमार आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे

हसरत मोहानी की याद में शारिक रब्बानी के आवास पर गोष्ठी

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

नानपारा बहराइच । मशहूर शायर, साहित्यकार व समाजसेवी शारिक रब्बानी के नानपारा स्थित आवास पर भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में याद-ए-हसरत गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता , भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शायर शारिक रब्बानी ने की, विष्टि अतिथि ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट और साहित्यकार हुस्न तबस्सुम निहां रहीं।संचालन रोशन जमीर ने किया। इस अवसर पर शायर शारिक रब्बानी ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ (इस्कफ) उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, शायर व समाज सेवी मौलाना हसरत मोहानी की याद में याद-ए-हसरत गोष्ठी का आयोजन किया गया है। मौलाना हसरत मोहानी का जन्म मोहान जिला उन्नाव में हुआ था। वह हमारे देश के एक ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी, शायर व समाज सेवी थे जिन्होंने हमेशा मजलूमो और सच्चाई का साथ दिया। उन्होंने सर्वप्रथम इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया, वह भारत के लिए पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करने वाले पहले व्यक्ति थे। संविधान सभा के सदस्य थे। हसरत पत्रकार, समाज सेवी तथा कई राजनीतिक पार्टियों के सदस्य व पदाधिकारी भी रहे थे। उन्होंने पाकिस्तान बनने का विरोध किया और भारत में ही रहे। शायरी भी उनकी बेमिसाल थी। वह हिन्दू मुस्लिम एकता के पक्षधर थे। साथ ही उनकी रचनाओं में श्री कृष्ण से भी उनका प्रेम देखने को मिला। उन्होंने भगवान कृष्ण की शान में भी बहुत सी रचनाएं लिखी है।और हमेशा देश और समाज के लिए काम किया, मजदूरों और मजलूमो के हक की आवाज बुलंद की, प्रसिद्ध गजल गायक गुलाम अली द्वारा गाई गई ₹चुपके चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है₹ भी हसरत मोहानी की ही गजल है जो बहुत पसंद की जाती है। श्री रब्बानी ने आगे कहा कि हम लोगों को भी उनके विचारों और कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश व समाज के लिए काम करना चाहिए। साथ ही मौलाना हसरत मोहानी को सामाजिक व साहित्यिक योगदान के लिए सदैव याद रखना चाहिए। गोष्ठी में विभिन्न शायरों के अतिरिक्त पत्रकार व अन्य श्रोतागण भी उपस्थित रहे। संचालक ने हसरत मोहानी के कलाम का इस्तेमाल करते हुए गोष्ठी का संचालन किया तथा शायरों ने अपने कलाम भी पढ़ें। अय्यूब नानपारवी ने पढ़ा ₹गुल मोहब्बत के खिलाते हैं खिलाते रहिए, आप उस शोख से नजरों को मिलाते रहिये।₹ सफीर नानपारवी ने पढ़ा ₹दूर दुनिया बसाने की खातिर, चांद पर लोग जाने लगे हैं।₹ एडवोकेट ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव ने पढ़ा ₹वो मौज में रहते होंगे अंकुर कभी कभी, सुबह हुई तो क्यूं मेरी कब्र पर खड़े रहे।₹ जमीर नानपारवी ने देशप्रेम पर नज्म पढ़ी ₹गुरू ग्रन्थ गीता कुरान है देते ईश सन्देश, ऐसा मेरा देश है यारो ऐसा मेरा देश।₹ कैफ नानपारवी ने पढ़ा ₹बचाया जा न सके जो कभी बचाने से, मकान रेत पे क्या फायदा बनाने से।₹ शम्स नानपारवी ने पढ़ा ₹सच पूछिए तो आपने काबा को ढा दिया, दिल तोड के जनाब ने अच्छा नहीं किया।₹ शारिक रब्बानी ने पढ़ा ₹प्रेम के गीत लिखूं लिख के तेरे नाम करूं, कभी राधा कभी मीरा को मैं प्रणाम करूं।₹ शकील अंसारी मकी ने पढ़ा ₹इंसा मुसाफिर है चलता रहेगा, निजाम ए जमाना बदलता रहेगा।₹ गोष्ठी में सरफराज अहमद सिद्दीकी, चन्द्र भाल व अबरार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

डीएम एवं एसएसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा के तहत किया केन्द्रों का निरीक्षण

अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

☆अवैधानिक कार्य करने वालों के विरूद्ध होगी कडी कार्यवाही - डीएम

संस्कार उजाला ब्यूरो

सहारनपुर,जनपद में यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती को नकल विहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं एसएसपी निरंतर परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर रहे है। जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवान द्वारा आज राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज सहित कई परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये। उन्होने प्रधानाचार्य कक्ष में बने कन्ट्रोल रूम से भी सभी कक्षों की स्थिति को देखा।श्री मनीष बंसल ने कहा कि नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। उन्होने कहा यदि इस दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास कोई भी कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता नजर आता है या कोई अभ्यर्थी अनुचित कार्य करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पुलिस भर्ती के लिए बनाए गये 25 केन्द्रों पर परीक्षा सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई। उन्होने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा पर नजर रखने के लिए जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। जनपद में यूपी पुलिस की भर्ती परीक्षा में 01 लाख से अधिक संख्या में अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं।

लिंक रोड पर सड़क पर बने अवैध चबूतरे नगर निगम की कार्रवाई से जेसीबी द्वारा किये गये ध्वस्त।

अतिक्रमण शहर के लोग स्वंम हटा लें .नगरायुक्त व महापौर ने की अपील।

संस्कार उजाला

सहारनपुर। नगर निगम द्वारा लिंक रोड से दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाया गया। महापौर व नगरायुक्त ने शहर के लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की महानगर सहारनपुर में लिंक रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए आधा दर्जन से ज्यादा दुकानों का अतिक्रमण ध्वस्त किया गया। नगरायुक्त संजय चौहान ने नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर को व्यवस्थित करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उधर महापौर व नगरायुक्त ने लोगों से अपील भी की है कि वे अपनी-अपनी दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने से स्वयं अतिक्रमण हटा लें. ताकि शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाया जा सके। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम ने आज दूसरे दिन भी अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में लिंक रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए सात दुकानों के बाहर सड़क पर चबूतरे बनाकर किया गया अतिक्रमण जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को निगम द्वारा लिंक रोड पर ढमोले के निकट शाकुंभरी टायल्स व टाउन टेबल वाली लाइन (उत्सव पैलेस वाली लाईन) में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए करीब एक दर्जन दुकानों का अतिक्रमण ध्वस्त किया था। निगम अधिकारियों ने सामने वाली लाइन में दुकानदारों को चेतावनी देते हुए एक दिन का समय स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए दिया था। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि रात में ही पांच दुकानदारों द्वारा अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लिया गया था। जिन दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया था उनकी दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण निगम द्वारा जेसीबी और कर्मचारियों की मदद से हटा दिया गया है। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग और प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे। उधर महापौर डॉ. अजय कुमार ने महानगर के सभी लोगों से अपील की है कि वे अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें ताकि शहर का समुचित विकास हो सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के विकास और उसके सौंदर्यीकरण के लिए लगातार काम कर रहा है लेकिन अपने शहर को एक आदर्श शहर बनाने के लिए नागरिकों का सहयोग भी आवश्यक है। नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा कि सड़के और फुटपाथ चलने के लिए हैं, व्यवसाय करने के लिए नहीं है। स्मार्ट सिटी के तहत शहर में स्मार्ट सड़के और फुटपाथ बनाये गए हैं। इन्हें सहेजना और इनका समुचित उपयोग हर शहरी का दायित्व है। इसके अलावा भी नगर निगम शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने के लिए व्यवस्थीकरण योजना बना रहा है। उन्होंने शहर के लोगों से सहयोग की अपील की। नगरायुक्त ने इस सम्बंध में नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रभावी कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।

पुलिस विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार का अशोभनीय नृत्य का कार्यकम न हो इसे सुनिश्चित किया जाए यूपी की हर जेल, पुलिस लाइन, थाने में भव्यता और भक्तिभाव के साथ मनाई जाए जन्माष्टमी: सीएम योगी

☛मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में जन्माष्टमी पर्व मनाने को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश सीएम ने प्रदेश भर में कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं करने के दिए आदेश

☛मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि अत्यन्त संवेदनशील, विशेष सतर्कता एवं समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं

☛झांकियों, शोभायात्रा के मार्गों को लेकर कहीं भी न हो विवाद, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर रखें सख्ती

☛शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा को देखते हुए कराई जाए वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भी कराई जाए चेकिंग

☛समस्त आयोजनों, लीला स्थलों, पंडालों, मंदिरों एवं शोभायात्राओं को सूचीबद्ध कर की जाए पुलिस की व्यवस्था

☛समस्त आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आंकलन करते हुए सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित हो

☛असामाजिक, साम्प्रदायिक तत्वों की सूची करें अपडेट, आवश्यकता पड़ने पर अवांछनीय तत्वों के विरूद्ध हो कड़ी कार्रवाई

☛अधीनस्थ कर्मचारी बीट में जाकर करें विवादों की जांच, बीट सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचें

☛जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी आवश्यकतानुसार विवादित स्थलों, मार्गों का करें भ्रमण

☛समस्त जनपदों में गश्त चेकिंग सुनिश्चित हो, सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भी कोई आपत्तिजनक पोस्टर न लगा हो

☛पुलिस विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार का अशोभनीय नृत्य का कार्यकम न हो इसे सुनिश्चित किया जाए

संस्कार उजाला

लखनऊ, ।जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे प्रदेश में घरों और मंदिरों के साथ-साथ पुलिस थानों, कारागारों और पुलिस लाइन में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व से पूर्व सभी रिजर्व पुलिस लाइंस ,पुलिस थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएम ने प्रदेश भर में कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने के आदेश दिए हैं। इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के प्रबंध करने के भी निर्देश दिए हैं। सीएम योगी के निदेर्शों का अनुपालन करते हुए उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के महानिदेशक पीवी रामा शास्त्री ने प्रदेश के समस्त कारागारों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को परंपरागत रूप से मनाए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। श्रीकृष्ण जन्मस्थली मथुरा में बरती जाए विशेष सतर्कता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी श्रद्धा एवं धूम-धाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मथुरा नगर स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि,शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यन्त संवेदनशील है। यह स्थल आईएसआई व विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर भी है। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं। झांकियों, शोभायात्राओं के दौरान न उत्पन्न हो विवाद की स्थिति इसके साथ ही सीएम योगी ने पूजा अर्चना, शोभायात्रा के दौरान किसी भी तरह के विवाद की स्थिति न बने, इसको लेकर भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विवादित स्थलों पर झांकियों को सजाने, शोभायात्रा के मार्ग में विवाद एवं नए मार्गों को लेकर अक्सर विवाद देखने को मिलते हैं। इसके साथ ही, परंपरा से हटकर कार्यक्रमों के आयोजन तथा गैरपरंपरागत जुलूस शोभायात्रा निकाले जाने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग का भी उपयोग किया जाता है। वहीं, दूसरे संप्रदाय के धार्मिक स्थलों में पूजा अर्चना के दौरान उनके करीब से शोभायात्राओं के गुजरते समय ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, शोभायात्राओं,कार्यक्रमों के समय आपत्तिजनक टीका-टिप्पणी,नारेबाजी आदि को लेकर पूर्व में

कई स्थानों पर विवाद की स्थिति सामने आई है। ऐसी स्थिति कहीं भी न बने, इसके लिए संवेदनशीलता के साथ सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने चाहिए। इसके अतिरिक्त शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा को देखते हुए वीडियोग्राफी कराई जाए। सभी कार्यक्रम स्थलों के आसपास तथा शोभायात्रा के मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को कियाशील कराया जाए। महत्वपूर्ण संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरा से भी चेकिंग कराई जाए। आयोजन स्थलों पर हो पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था सीएम योगी ने निर्देश दिए कि समस्त जनपदों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित समस्त आयोजन, लीला स्थल, पंडाल, मंदिर एवं शोभायात्राओं को सूचीबद्ध कर योजनाबद्ध पुलिस की व्यवस्था की जाए। साथ ही समस्त आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या का आंकलन करते हुए सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति कदापि न दी जाए। असामाजिक, साम्प्रदायिक तत्वों की सूची को अपडेट करें और आवश्यकता पड़ने पर इन साम्प्रदायिक एवं अवांछनीय तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि समस्त जनपदों की पुलिस लाइन तथा इस्कान मंदिरों में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जहां काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु, महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग सम्मिलित होते हैं। इन कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपदीय प्रभारी द्वारा प्रभावी सुरक्षा और यातायात प्रबंधन किया जाए। विवाद सुलझाने का करें प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत वर्षों में या इस वर्ष अभी तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व से संबंधित जिन-जिन स्थानों पर किसी प्रकार का विवाद सामने आया हो, वहां पुलिस एवं राजस्व विभाग के गजटेड अधिकारियों द्वारा अभी से स्थिति का अध्ययन कर लिया जाए एवं विवाद को सुलझाने तथा संवेदनशीलता को दूर करने के लिए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सीएम योगी ने कहा कि अधीनस्थ कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि वे अपनी बीट में जाकर सभी प्रकार के विवाद की जांच करें और बीट सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर विवाद को समय रहते हल कराएं। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार विभिन्न विवाद के स्थलों, मार्गों का भ्रमण भी कर लिया जाए। कहीं भी न हो अशोभनीय नृत्य का कार्यक्रम सीएम ने निर्देश दिया कि समस्त जनपदों में गश्त चेकिंग के लिए पुलिस पार्टी नियमित रूप से निकाली जाए। प्रातः गश्त चेकिंग पार्टी (पोस्टर पार्टी) द्वारा सघन रूप से चेकिंग करते हुए सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर कोई आपत्तिजनक पोस्टर न लगा हो। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा भी इस त्यौहार को शालीनता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की परंपरा रही है। समस्त सुरक्षा व्यवस्था के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करें कि यह पवित्र त्योहार परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास व शालीनता के साथ मनाया जाए। इस अवसर पर किसी भी प्रकार का अशोभनीय नृत्य का कार्यकम न हो। संबंधित पुलिस आयुक्त, जनपद प्रभारी एवं सेनानायक पहले से ही इस संबंध में किए जाने वाले कार्यक्रमों का अवलोकन करें और प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार का अशोभनीय एवं अश्लीलतापूर्ण संवाद अथवा नृत्य न होने पाए।

विपिन कसाना बने समाजवादी पार्टी युवजन सभा के प्रदेश सचिव

संस्कार उजाला

गौतम बुध नगर में समाजवादी पार्टी के लिए दिन-रात संघर्ष करने वाले युवा नेता विपिन कसाना निवासी डूंगरपुर रिलखा को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव जी व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल जी के निर्देश पर समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अरविंद गिरी ने युवजन सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव नामित किया है और कहा कि सभी नौजवान साथियों को मिलकर 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना है इस संबंध में नवनियुक्त प्रदेश सचिव विपिन कसाना ने कहा जो जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मान्य अखिलेश यादव जी एवं प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी ने मुझ पर अपना विश्वास जताया में हमेशा पार्टी की नीतियों को और स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के विचारों को निरंतर आगे बढ़ने का काम करूंगा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की ढ ऊ अ व संविधान बचाओ निति को भी लगातार जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। और 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना ही मेरा लक्ष्य है

गाजियाबाद श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी विवादित घेरे में जिसकी लाठी उसकी भैंस पर रावण का कब्जा

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

जी हाँ,ये घोर कलयुग है और इस घोर कलयुग मे आदमी पैसे के लालच मे इतना अन्धा हो गया है कि उसको अच्छा-बुरा कुछ नहीं सूझता,ना ही वह ये सोचता है कि वह जहाँ बैठा है वह तो मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की लीला-मंचन स्थल है,कम से कम ऐसी जगहा तो बेईमानी व लालच का त्याग कर ईमानदारी से काम करे,किन्तु धर्म और सतकर्म को ताक पर रख कर आदमी लालच मे अन्धा हो चुका है इसका उदाहरण है गाजियाबाद घण्टाघर स्थित सुल्लामल रामलीला कमेटी जानकार सूत्रों की माने तो सुल्लामल रामलीला कमेटी का जब से गठन हुआ है तब से ये नियमावली सर्वसम्मती से बनी हुई है कि सुल्लामल रामलीला कमेटी का अध्यक्ष चुनने हेतु हर वर्ष चुनाव होगा,और जो जीतेगा वह सुल्लामल रामलीला कमेटी का अध्यक्ष बनेगा और फिर नई कमेटी का गठन होगा जिसमे कोषाध्यक्ष,प्रबंधक,सचिव,व अन्य पदाधिकारी नए सिरे से नियुक्त किये जायेंगे,किन्तु कमेटी के पूर्व



Court No. - 10

Case :- WRIT - C No. - 22174 of 2020

Petitioner :- Narendra Kumar Sharma And 2 Others
Respondent :- State Of U.P. And 3 Others
Counsel for Petitioner :- Man Mohan Singh,Vinay Dwivedi
Counsel for Respondent :- C.S.C.,Daya Shanker Pandey

Hon'ble Salil Kumar Rai,J.

The petitioners have challenged the order dated 18.10.2019 passed by the Assistant Registrar, Firms, Societies and Chits, Meerut Region, District-Meerut. Through the order dated 18.10.2019 the Assistant Registrar has rejected the claim of membership by the petitioners and has further declared that the tenure of the existing Executive Committee of the Society has expired.

So far as the dispute regarding the membership of the petitioners is concerned, the same involves disputed question of fact for which proceedings under Article 226 are not appropriate remedy. The petitioner has the remedy to file civil suit.

So far as the other part of the order dated 18.10.2019 passed by the Assistant Registrar is concerned, the petitioners have no locus to challenge the order of the Assistant Registrar so far as it declares that the tenure of the existing Executive Committee of the Society has expired.

The petition is *dismissed*.

Order Date :- 25.1.2024
Anurag/-

सदस्यों,अध्यक्ष,व कुछ अन्य लोगों से जानकारी प्राप्त हुई है कि वर्ष 2018 के बाद श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के चुनाव ही नहीं होने दिए गए,मिली जानकारी के अनुसार 2018 से सुल्लामल रामलीला कमेटी पर एक व्यक्ति विशेष अवैध रूप से कब्जा जमाये साँप की मानिद कुण्डली मार कर बैठ गया है जिसका नाम बताया गया है वीरो बाबा उर्फ वीरेंद्र गोयल जानकारों के अनुसार वीरो बाबा उर्फ वीरेंद्र गोयल नाम का व्यक्ति 2018 से अब तक श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी पर जबरन कब्जा जमाये बैठा है,ना तो वह चुनाव होने देता है,ना ही उक्त संस्था की कार्यकारणी मे किसी भी पूर्व पदाधिकारी या सदस्य को कोई पद लेने देता है,बल्कि इस सँदर्भ मे कपि उक्त व्यक्ति से बात करे तो वह बात तक नहीं सुनता और गुण्डई दिखाते हुए धमकी दे कर भगा देता है पूर्व पदाधिकारीयों व सदस्यों ने हमको हाई कोर्ट का निर्णय भी दिखाया जिसमे वीरो बाबा उर्फ वीरेंद्र गोयल को पूरी तरह फर्जी व अवैध घोषित करते हुए तुरन्त अध्यक्ष पद हेतु चुनाव कराने का आदेश पारित किया है किन्तु वीरो बाबा उर्फ वीरेंद्र गोयल ने सब रजिस्ट्रार (जहाँ से फर्म रजिस्ट्रेशन होती है) से सांठ-गाँठ कर अभी तक चुनाव प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ने दिया उक्त सँदर्भ मे सब रजिस्ट्रार भी पूर्ण रूप से शामिल है, इसका जीता-जगता सुबूत ये है कि जब भी कोई पूर्व पदाधिकारी या सदस्य सब रजिस्ट्रार के पास जाता है तो सब रजिस्ट्रार महोदय कोई ना कोई बहाना बना कर टाल देते हैँ,और ज्यादा जोर देने पर तुरन्त वीरो बाबा उर्फ वीरेंद्र गोयल को फोन कर सारी बात बता देते हैँ,जानकारी के अनुसार वीरो बाबा उर्फ वीरेंद्र गोयल के द्वारा सब रजिस्ट्रार महोदय को भी हर माह एक मोटी रकम दी जाती है जिसके फल-स्वरूप सबरजिस्ट्रार महोदय सिर्फ और सिर्फ उक्त कब्जाधारी की ही भाषा समझते हैँ सिर्फ उनकी ही बात उनको सुनाई देती है,बाकी किसी की नहीं सवाल ये है कि जहाँ राम का नाम जुडा हो उस संस्था या उस जगहा पर भी ये घोर अन्याय व भ्ष्टार्चार हो रहा है तो बाकी क्या बचा?? अतः अब पूर्व पदाधिकारीयों व सदस्यों ने निर्णय लिया है कि उक्त मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी पहुँचा जाए और आर-पार की लड़ाई लड़ी जाए

नितिन अत्रि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त

संस्कार उजाला

साहिबाबाद((आशा चौधरी) अंतरराष्ट्रीय जाट संसद संस्थापक अध्यक्ष परमेश्वर कलवानिया कलवानिया ने नितिन अत्रि को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष परमेश्वर कलवानिया ने कहा कि नितिन अत्री समाज के लिए हित में कार्य करते रहे हैं। उन्होंने बिना पद अपनी पद के ही अपने समाज के जन कल्याण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया है। जाट समाज के प्रति समर्पण भाव एवं निष्ठा को देखते हुए ही नितिन अत्री को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। परमेश्वर कलवानिया ने उम्मीद जताई कि नितिन अत्रि अपनी इस नई जिम्मेदारो को पूरी

ईमानदारी और लगन से निभाते हुए संगठन को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस मौके पर नितिन अत्रि ने कहा कि वे अंतर्राष्ट्रीय जाट संसदद्व के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद की गरिमा का हमेशा ध्यान रखेंगे और तन मन धन से राष्ट्र व समाज हित में कार्य करता रहूंगा। साथ ही संगठन के उद्देश्यों के प्रचार प्रसार में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते रहेंगे।

संक्षिप्त डायरी

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात सांसद महेश शर्मा ने सुना

संस्कार उजाला

अरुण शर्मा गौतमबुद्ध नगर

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 113वें एपिसोड को नोएडा विधानसभा के सैक्टर 121 स्थित होम्स 121 के निवासियों के साथ गौतमबुद्ध नगर के माननीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने सुना। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों को प्रेरणा दी और नई दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के बाद, होम्स 121 के निवासियों ने माननीय सांसद जी का सम्मान किया और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। निवासियों ने निम्नलिखित मुद्दों पर ध्यान देने का अनुरोध किया। जो इस प्रकार है:

1. रजिस्ट्री की समस्याएं
2. बिजली की समस्याएं
3. बिल्डर से संबंधित समस्याएं
4. मेट्रो परियोजना की शीघ्र शुरूआत की मांग
5. खाली पड़े स्थान पर प्रस्तावित स्टेडियम के कार्य की शीघ्रता

माननीय सांसद डॉ. महेश शर्मा जी ने निवासियों के विचारों को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि उन्होंने भारी मतों से विजय प्राप्त की है और उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। इस अवसर पर होम्स 121 के अध्यक्ष दिनेश सिंह, प्रदीप कुमार जायसवाल, सत्यम पाण्डेय, राजीव कुमार झा, रजनीश जादौन, अभय कुमार, प्रदीप कुमार, आलोक गुप्ता, प्रमोद बहल, निर्मल सिंह, रोहित ठाकुर, मनोज उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, कपिल मिश्रा एवं कृष्णा नगर मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सपा नोएडा महानगर ने बड़े धूम-धाम से मनाया बीपी मंडल जी की जयंती

संस्कार उजाला

अशोक नोएडा सपा नोएडा महानगर ने महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की जयंती मनाई। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनको नमन किया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय बीपी मंडल ने पूरे देश का भ्रमण कर पिछड़ी जातियों के सामाजिक आर्थिक और शैक्षिक स्थिति की पहचान कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने की प्रबल सिफारिश की पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ दिलाने का श्रेय बीपी मंडल को ही जाता है। महासचिव विकास यादव ने कहा कि बीपी मंडल बहुसंख्यको के मसीहा और पिछड़ों की आवाज थे वह सामाज में व्याप्त उच्च-नीच और गैर बराबरी को समाप्त करने के पक्षधर थे। सपा नोएडा महानगर का छात्र नौजवान जागरूकता अभियान भी लगातार जारी है। जिसके तहत दिव्यांशु यादव व उनके साथियों के नेतृत्व में गांव गढ़ी में छात्र नौजवान जागरूकता अभियान चलाया गया। सपा के लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव टीटू यादव के नेतृत्व में सेक्टर 122 में छात्र नौजवान जागरूकता अभियान चलाया गया। सेक्टर 82 में भी समाजवादी साथियों ने छात्र नौजवान जागरूकता अभियान के तहत बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ने का काम किया। मुख्य अतिथि के रूप में यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरव यादव उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में जय करण चौधरी, भरत प्रधान,बबलू चौहान, राघवेंद्र दुबे, लखन यादव ,शेखर यादव ,लोकेश यादव,रोहित यादव, रामवीर यादव, अंकुर यादव, कालू यादव, तनवीर हुसैन, अंकित यादव, कुलदीप यादव, केपी यादव, रंजीत पटेल ,नेहा पांडे ,संजू यादव, अजब सिंह, जगत सिंह, गौरव, रिंकू चंदन,पंकज झा, वह सेक्टर 82 के बहुत सारे समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

नगर-निगम ठेकेदार की गुण्डई व मनमानी,नहीं बनाऊंगा खड़ंजा उखाड़ लो क्या उखाड़ो

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

बताते चलें अकबर पुर बहराम पुर वार्ड नम्बर-35 मे नगर-निगम द्वारा काम कर रहे ठेकेदार का मिली जानकारी के अनुसार अकबर पुर बहराम पुर वार्ड नम्बर-35 मे इन दिनों नाली खड़ंजे का काम नगर-निगम द्वारा किया जा रहा है ।किन्तु ठेकेदार ने बाजरा की गलियों मे कुछ थोड़ा-बहुत काम किया है,जिस से की नगर-निगम निर्माण-विभाग को फोटो लेकर दिखा सके कि मैंने काम कर दिया है किन्तु अन्दर गलियों मे ना तो खड़ंजा ही बिछा रहा है उक्त ठेकेदार और ना ही नालियां बना रहा है जब स्थानीय लोगों ने इस बात की शिकायत ठेकेदार महोदय से करनी चाही कि ठेकेदार साहब कृपया हमारी गलियों मे भी नाली,खड़ंजों का कार्य कीजिये तो ठेकेदार महोदय उखड़-बिगड गए और बोले कि जिस से जो होता हो,वो कर लो,जो उखाड़ना हो,वो उखाड़ लो,मै नहीं बिछाऊंगा खड़ंजा,ना ही नाली बनाऊंगा,स्थानीय निवासियों ने जब कहा कि हम नगर-निगम मे शिकायत करेंगे और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी आपकी शिकायत करेंगे तो ठेकेदार महोदय गुस्से मे लाल,पीले हो गए और बोले योगी से बड़े गुन्डे हम हैँ,और नगर-निगम हम से है,ना ही कि हम नगर-निगम से हैँ नगर-निगम हम से चलता है नगर-निगम वालों की औकात है जो मुझ से काम करा ले?? जाओ कह दो किसी से भी मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी की तमाम नालियों का पानी गलियों मे भर जाता है और गलियाँ कच्ची होने के कारण इतनी कीचड और गन्दगी हो जाती है कि घरों से निकलना भी दुभर हो जाता है,और इस कारण बे-इन्तहा बदबू के मारे रहना हराम हो रहा है यहाँ पर और इस गन्दगी के कारण यहाँ मच्छर इतने पनप रहे हैँ कि रात को सोने को नसीब नहीं होता तस्वीर मे आप स्वम देख

सकते हैँ कि क्या हालत है खड़ंजे और नालियों की, कुछ स्थानीय लोगों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि जब उक्त ठेकेदार से हमने कहा कि भैया जो काम किया है उसको जरा ठीक से ही कर देते,कम से कम मसाला तो ठीक से लगा देते नालियों की ईंटो पर,तो ठेकेदार महोदय बोले कि सारा माल यहीं लगा दुं?? अगर इतना मसाला लगाऊंगा तो मुझे क्या बचेगा?? कुल मिला कर ठेकेदार की गुण्डई और मनमानी के आगे अकबर पुर बहराम पुर वार्ड नम्बर-35 के लोग बे-वश,मजबूर,और लाचार हैँ अब देखना ये है कि नगर-निगम निर्माण विभाग क्या एक्शन लेता है इन गुण्डई दिखाने वाले ठेकेदार के खिलाफ

गाजियाबाद वृक्षारोपण अभियान परियोजना पर्यावरण को बचाने के लिए कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया।

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

इनर व्हील की सभी गो की महिलाओं ने पर्यावरण को बचाने के लिए थैली और पौधे वितरण किए इनर व्हील अलका ने बताया क्योंकि हमने इसे बहुत ही अलग तरीके से किया अपनी साइट से एक कैंटर कार ली और उसमें विभिन्न प्रकार के पौधे लोड किए। भारी बारिश हो रही थी, लेकिन मेरे प्यारे प्यारे क्लब के सदस्य मेरे साथ वृक्षारोपण अभियान के लिए आए, इनर व्हील पूरे ग्रुप में मिलकर योजना बनाई , हम 2 घंटे तक प्रतीक्षा करेंगे जब तक कि बारिश बूंदाबांदी में न बदल जाए, फिर राम लीला मैदान से आस-पास के अन्य क्षेत्रों की ओर अपना अभियान शुरू किया। सभी स्थानीय लोग पौधे लेने आए और इनर व्हील संगठन के बारे में पूछताछ की। अलका ने बताया उन्हें पर्यावरण को बचाने के लिए कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया। हमेशा से मानना है:भगवान उनकी मदद करते हैं जो खुद की मदद करते हैंह्वहमने सरकारी स्कूल के बच्चों को देखा, वे हमारे प्रोजेक्ट और संगठन के बारे में पूछताछ करने आए थे, हमने उन्हें पौधे और इनर व्हील लोगो बैग दिए और उनसे पर्यावरण की देखभाल करने के लिए कहा। बच्चे हमारा भविष्य हैं अगर उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करना है। अभियान शुरू करने में देर हो गई, लेकिन हम इसे सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम रहे ।

जनपद हापुड़/प्राचीन गंगा मंदिर में सात दिवसीय कथा के चलते चतुर्थ दिवस पर

कथावाचक प्रेमाचार्य महाराज ने कृष्ण जन्म कथा सुनाई



संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर स्थित प्राचीन गंगा मंदिर में चल रहे सात दिवसीय कथा आयोजन के तहत आज चतुर्थ दिवस पर महाराज प्रेमाचार्य के द्वारा कृष्ण जन्म कथा सुनाई गई। जिसके मुख्य यजमान अमित शर्मा, प्रियंका शर्मा, और शिव शर्मा,ईशा शर्मा रहे। इस अवसर पर कथा सुनकर पुण्य लाभ उठाने वालों में संतोष कौशिक, शशि कौशिक, प्रेम शर्मा, बबलू तिवारी ,वेद व्रत द्विवेदी, लकी कौशिक, हनी शर्मा, तुषार शर्मा, वरुण कौशिक, काशी शर्मा, पवन शर्मा ,गोल्डी कौशिक, सतीश शर्मा, शुभम दुबे, सोनू कौशिक, अनुज शर्मा उपस्थित रहे।

जनपद हापुड़/मजदूर के हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिजनों ने किया हंगामा

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मजदूर के द्वारा मजदूरी के पैसे मांगने पर मजदूर को ईटों से पीट–पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसको पीड़ित परिजनों के द्वारा मरणासन्न हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बता दे की 2 दिन पूर्व सिंभावली थाना क्षेत्र के हरोड़ा मोड सर्वोदय पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले कारपेंटर आसिफ पुत्र जहीर को मजदूरी के पैसे मांगने पर कुछ लोगों ने उसके साथ लाठी डंडे ईट पत्थरों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमें दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान हुई उसकी मौत को लेकर पीड़ित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर थाने पर हंगामा किया। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा है कि पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। और आरोपी लोगों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लेकिन पीड़ित परिजन और ग्रामीण मानने को तैयार नहीं है। जबकि एस डी एम साक्षी शर्मा, सीओ आशुतोष शिवम उत्तेजित ग्रामीण एवं पीड़ित परिजनों को लगातार समझाने के साथ भारी पुलिस बल पीएससी के जवानों के साथ मौके की स्थिति को संभाले हुए।

जनपद हापुड़/मजदूर के हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिजनों ने किया हंगामा

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मजदूर के द्वारा मजदूरी के पैसे मांगने पर मजदूर को ईटों से पीट–पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसको पीड़ित परिजनों के द्वारा मरणासन्न हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बता दे की 2 दिन पूर्व सिंभावली थाना क्षेत्र के हरोड़ा मोड सर्वोदय पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले कारपेंटर आसिफ पुत्र जहीर को मजदूरी के पैसे मांगने पर कुछ लोगों ने उसके साथ लाठी डंडे ईट पत्थरों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमें दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान हुई उसकी मौत को लेकर पीड़ित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर थाने पर हंगामा किया। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा है कि पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। और आरोपी लोगों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जयंती पर विषमुक्त खेती नशामुक्त गांव विषयक चौपाल का आयोजन

संस्कार उजाला

डॉ0सै0अब्दुल खबीर

नानपारा, बहराइच। भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में भगवान बलराम जयंती के अवसर पर पौराणिक शिवालय बाग शिव मंदिर (नानपारा) परिसर में 'विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव' विषयक चौपाल का आयोजन किया गया। परिषद पदाधिकारियों ने जल, जंगल, जमीन व जलवायु को मानवानुकुल बनाये रखने के लिए गांव गांव में जन जागरण महाभियान चलाये जाने की योजना बनाई और विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव अभियान से जन जन को जोड़ने का संकल्प भी दोहराया। शिवालय बाग शिव मंदिर परिसर में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए किसान परिषद प्रदेश संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि खेती किसानी में रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से धरती विषाक्त होती जा रही है उत्पादित अन्न के उपयोग से हम लाइलाज बीमारियों से ग्रषित होकर परिवार एवं समाज पर बोझ बनते जा रहे है ऐसे में हम सबका दायित्व बनता है कि हम सब लोग मिलकर रासायनिक उर्वरकों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए जन जागरण अभियान मे सहभाग करें तथा धरती को विषाक्त होने से बचाने में अपनी प्रभावी भूमिका अदा करे। समाजसेवी किसान परिषद तहसील संयोजक केशव पांडेय ने कहा कि नशा हमारे समाज के लिए घातक है नशा के उपयोग से हमारी नौजवान पीढ़ी बर्बाद हो रही है हम सबका दायित्व बनता है कि सामाजिक जन जागरण अभियान चलाकर लोगो को नशा से होने वाले कुप्रभाव के बारे में सचेत करे और अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन से संवाद एवं समन्वय स्थापित करे। जिला संयोजक प्राचार्य शिव पूजन सिंह ने कहा कि विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव अभियान को सफल बनाने के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने की योजना बनाई गई है नशा प्रभावित इलाको में चौपाल का आयोजन कर लोगो को सचेत किया जाएगा ताकि नशा पर पूर्ण विराम संभव हो सके। कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। अयोजित चौपाल की अध्यक्षता करते हुए महंत शिवालय बाग महेन्द्र वीरेंद्र गिरी जी महाराज ने नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी सिख समाज नेता सरदार जसप्रीत सिंह ने किया। आयोजित चौपाल में प्रमुख रूप से संघ विचारक स्वामी दयाल, सरदार नरेंद्र सिंह, किसान नेता दुर्गेश कुमार वर्मा, क्षेदा खान, ग्राम प्रधान श्रवण कुमार पटेल, प्रगतिशील किसान विनोद कुमार वर्मा, शिक्षक नेता राहुल पांडेय, विश्वनाथ जायसवाल व समाज सेवी प्रभात श्रीवास्तव, समाज सेवी डॉ पंकज श्रीवास्तव समेत तमाम किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने भगवान हलधर बलराम को किसानों का आदर्श बताते हुए उनके चित्र के समक्ष लोक कल्याण की भावना के साथ पुष्पांजलि अर्पित किया।

महामहिम राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन भेज माहौल बिगाड़ने वालों पर वैधानिक कार्यवाही की मांग

थाना सुजौली मे पहुंचे मुस्लिम धर्म गुरुओं ने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध करते हुए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन।

☛भारत में जहर और नफरत फैलाने वाले रामगिरी की गिरफतारी की माँग हेतु सौंपा ज्ञापन।

संस्कार उजाला

डॉ0सै0अब्दुल खबीर

बहराइच तहसील मिहींपुरवा के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत दर्जनों गांव से आये मुस्लिम युवको एवं मुस्लिम धर्मगुरुओ ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय के के नाम से संबोधित ज्ञापन को तहसीलदार मिहींपुरवा को सौपा हीट स्पीच के जरिए देश का माहौल बिगड़ता वालों पर वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की । शनिवार को थाना दिवस में सुजौली थाना पहुंचे तहसीलदार मिहींपुरवा अंबिका चौधरी से सुजौली क्षेत्र अंतर्गत कई गांव के ग्रामीणों ने मुलाकात की। इस दौरान मुस्लिम धर्म गुरुओं ने तहसीलदार को बताया कि अपनी बयान बाजी के कारण भारत में जहर और नफरत फैलाने वाले महाराष्ट्र निवासी रामगिरी की गिरफतारी की माँग के संबंध में देश के महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन देना है। इस दौरान मुस्लिम धर्म गुरुओं ने कहा कि महाराष्ट्र निवासी रामगिरी नाम के एक व्यक्ति के अनुचित बयानों के कारण नासिक महाराष्ट्र की वर्तमान स्थिति काफी नाजुक रहा है कि महाराष्ट्र निवासी रामगिरी नाम के एक व्यक्ति ने अनर्गल बयानबाजी की है। जिससे न सिर्फ मुस्लिम समाज बल्कि नासिक महाराष्ट्र में ही नहीं पूरे भारत में रोष व्याप्त है। जिसके चलते हम सभी लोग राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन सौप तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने का अनुरोध करते हैं। ज्ञापन के माध्यम से लोगों की मांग है कि सोशल मीडिया पर अपलोड उक्त राम्मगिरी के बयान बाले वीडियो को तुरन्त सोशल मीडिया से हटवाया जाये तथा इस वीडियो को बनाने और अपलोड करने तथा वायरल करने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये। इसके अलावा रामगिरी को तत्काल गिरफतार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए। ज्ञापन देने पहुँचे जन समुदाय का कहना हैं यदि रामगिरी जैसे लोगों के खिलाफ तत्काल राख्त से सख्त कार्यवाही नहीं की गई तो इस प्रकार के और भी लोग ऐसी हरकते कर सकते है, जिससे पूरे देश का माहौल खराब हो सकता है जो देश व समाज के लिए हानिकारक होगा। इस लिये एऐसे लोगो पर तत्काल कार्यवाही की जाये। इस मौके पर मौलाना मुबारक हुसैन, मौलाना सुहेल रजा, मौलाना जफर हुसैन, मौलाना आरिफ, अली कादरी मौलाना इलियास समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

चाइनीज मांझे से बचाव हेतु बनाया कवच । इरफान उस्ताद

संस्कार उजाला

सलीम खान/आसिम अजीज

रामपुर। उत्तर प्रदेश आज जन सेवा समिति की तरफ से ईदगाह गेट के चौराहे पर दो पहिया गाड़ियों पर चाइनीस मांझा सुरक्षा कवच लगाया गया । जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान ने बोलते हुए कहा कि आज जन सेवा समिति की तरफ से यह सुरक्षा कवच दो पहिया गाड़ी पर लगाया जा रहा है जिससे चाइनीस मांझे से होने वाली घटनाओं से बचा जा सके । जनसेवा समिति के नगर अध्यक्ष हारिस शम्सी ने बोलते हुए कहा कि आज हमारा संगठन की तरफ से ईद का गेट पर सेफगार्ड लगाए जा रहे हैं इसको हम सुरक्षा कवच भी कह सकते हैं यह सुरक्षा कवच चाइना मांझे से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए लगाया जा रहा है हम बराबर देख रहे हैं और मीडिया के माध्यम से यह खबरें आ रही है कि आज इस चौराहे पर गर्दन कट गई आज राम रहीम पुल पर घटना हो गई लेकिन इसकी कोई रोकथाम नहीं हो पा रही थी और यह चाइनीस मांझा सबसे ज्यादा ऑनलाइन लोग मंगा रहे हैं इस संदर्भ में हमने जिला अधिकारी महोदय को भी ज्ञापन दिया था के ऑनलाइन मांझे पर रोक लगाई जाए लेकिन यह घटनाएं बराबर निरंतर बनी हुई थी और आए दिन लोगों को नुकसान पहुंच रहा था जन सेवा समिति ने आपस में सभी पदाधिकारी ने इस पर काम किया और एक सुरक्षा कवच को तैयार किया गया और यह सुरक्षा कवच काफी बड़ी तादाद में बनवाए गए हैं जो रामपुर के अंदर जगह–जगह चौराहों पर इनको लगाया जाएगा सबसे पहले की उन चौराहों पर लगाया जाएगा जहां पर सबसे ज्यादा घटनाएं घटती हैं जैसे बरेली गेट बिलासपुर गेट राधा रोड मल गोदाम का चौराहा जन सेवा समिति के मीडिया प्रभारी इरफान उस्ताद ने बोलते हुए कहा कि यह सुरक्षा कवच होने वाली घटनाओं से सुरक्षा करेगा जिस तरीके से आए दिन हम देखते हैं कि लोगों के साथ घटनाएं घट रही हैं तो हमने रामपुर के अंदर सबसे अलग पहल करी है जिससे लोगों का बचाव हो सके । इमरोज खान, नूर अहमद, आमिर खान, फेजान हुसैन इमरान खान वसी खान उमेर अहमद जावेद खान, इकराम मियां, मुजम्मिल खान, शाहबाज खान। प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान नगर अध्यक्ष हारिस शमसी मीडिया प्रभारी इरफान उस्तादआदि मौजूद थे।

बुंदेलखंड पृथक राज की मांग को लेकर राजा बुंदेला एवं विश्व हिंदू महासंघ भारत बुंदेलखंड क्षेत्रीय टीम की बैठक हुई संपन्न

संस्कार उजाला

जनपद बांदा। विश्व हिन्दू महासंघ भारत के बुंदेलखण्ड क्षेत्रीय टीम एवम बांदा जिला कार्यकारणी टीम ने राजा बुंदेला का बाँदा आगमन पर फूलो का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया और साथ ही पृथक बुंदेलखण्ड राज्य की आवाज बुलंद करने वाले मशहूर फिल्म अभिनेता राजा बुन्देला का विशेष कार्यक्रम बुंदेलखण्ड के भविष्य और विकास की यात्रा में विश्व हिंदू महासंघ भारत के बुंदेलखंड क्षेत्रीय टीम के साथ बैठक संपन्न हुई जिसमे बुंदेलखण्ड राज्य बनाओ अभियान मे भाग लेकर जनता को जगाने का कार्य करेंगे इसमें विश्व हिंदू महासंघ ही नही बुंदेलखंड की जानता को भी प्रथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर जनता जनार्दन को भी आगे आना चाहिए और बुंदेलखंड राज्य की मांग कराना चाहिए जिससे की अपने बुंदेलखंड का भी विकास हो सके और तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को ज्यादा से ज्यादा मिल सके इसलिए इस मुहीम में सभी दल के लोग शामिल होकर बुंदेलखंड पृथक राज्य की आवाज बुंदेलखंड की जानता के द्वारा पूरे भारत में गूंजना चाहिए जिससे की प्रथक बुंदेलखंड राज्य बन सके अटल बिहारी बाजपेई जी के शासनकाल में कई राज्यों को विभाजन किया गया जिसमे से बुंदेलखंड राज्य की भी मांग की गई थी और लगातार इस मांग को लेकर प्रथक बुंदेलखंड राज्य बने राजा बुंदेला संरक्षक बुंदेलखंड विकास परिषद के द्वारा कई संगठनों को शामिल कर मुख्य रूप से सहयोगी संगठन महेश सक्सेन अध्यक्ष अपनो बुंदेलखंड ट्रस्ट, हरि मोहन विश्वकर्मा अध्यक्ष बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा, आदीश जैन राष्ट्रीय संयोजक बुंदेलखंड विकास परिषद, डॉ. आश्रय सिंह (गप्पू) संयोजक बुंदेली सेना (यात्रा संयोजक) विवेक सिंह कछवाह बजारंग दल के द्वारा दिनांक 23 अगस्त 2024 से 29 अगस्त 2024 तक कर्वी चित्रकूट, बांदा, महोबा, राठ हमीरपुर, उरई जालौन, ललितपुर झांसी में *विश्व हिन्दू महासंघ भारत बुंदेलखाड़ क्षेत्रीय टीम एवम बांदा जिला कार्यकारणी टीम से बातचीत के दौरान राजा बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार संकल्पित ' है ' सरकार ने एक्सप्रेस–वे, डिफेन्स कारीडोर, हर घर नल जल से लेकर तमाम विकास परक कार्य किए है ' लेकिन समग्र विकास के लिए जरूरी है बुंदेलखंड राज्य ' सौ बीमारियों का एक इलाज और वह है पृथक बुंदेलखंड राज्य ' छोटे राज्यों को बनाने का श्रेय भाजपा को ही है ' भाजपा के चुनावी एजेंडे में भी पृथक बुंदेलखंड राज्य का मुद्दा शामिल रहता रहा है ' पृथक राज्य को लेकर स्व. शंकरलाल

मेहरोत्रा के समय में लगभग डेढ़ दशक पहले तमाम जनांदोलन हुए ' रेले रोंकी गई, चक्काजाम हुए, विधानसभा मे पर्चे फेंके गये और हिंसक आंदोलन हुए ' अब केवल इस आंदोलन को वैचारिक रूप से तेज करने की जरूरत है ' इसी विचार क्रांति को लेकर और व्यापक जनसमर्थन जुटाने के लिए अक्टूबर महीने में पद यात्रा की शुरूआत होगी ' पहले झांसी मंडल मे पदयात्रा होगी इसके बाद जनवरी या फरवरी में चित्रकूटधाम मंडल मे पदयात्रा का दौर चलेगा ' अक्टूबर महीने में होने वाली पदयात्रा की तैयारियों और जनसम्पर्क के लिए बुंदेलखंड का दौरा शुरू किया गया है जैसे कई जनपदों में छोटे बड़े कई संगठनों के साथ बैठक रखी गई और प्रथक बुंदेखंड राज्य बनाओ के अभियान को गति देने के लिए विश्व हिन्दू महासंघ भारत के बुंदेलखण्ड क्षेत्रीय अध्यक्ष नीरज निगम एवम बांदा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नीलेश के नेतृत्व मे बुंदेलखंड क्षेत्रीय प्रभारी डॉ चंद्रपाल सिंह, बुंदेलखंड क्षेत्रीय महामंत्री संतोष श्रीवास्तव के द्वारा राजा बुंदेला को अस्वस्थ कराया गया की बुंदेलखंड के सभी जनपदों में विश्व हिन्दू महासंघ भारत की टीम आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेगी पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर अभिनेता और संयोजक राजा बुंदेला ने बांदा जनपद में विश्व हिन्दू महासंघ भारत बुंदेलखंड क्षेत्रीय टीम एवम बांदा जिला कार्यकारणी के पदाधिकारियों के साथ भेंटकर पृथक बुंदेलखण्ड राज्य बनाने मे सहयोग करने की अपील किया बैठक मे जनसमर्थन जुटाने को लेकर वार्ता हुई जिसमे समस्त पदाधिकारी उपस्थित – पंकज बागवान वरिष्ठ समाजसेवी एवं बुंदेलखण्ड क्षेत्रीय टीम नीरज निगम, डॉ. चंद्रपाल सिंह, संतोष श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह बुंदेला, प्रगति कुमार श्रीवास्तव, मदन गुप्ता, पंकज शुक्ला, विशाल श्रीवास्तव, देवेश ओमर, सुशील मिश्रा, जिला कार्यकारणी टीम– नरेंद्र सिंह नीलेश, नवीन बोड़े, शुभम, अवनीश आदि उपस्थित रहे

संक्षिप्त डायरी

जनपद हापुड़/वाह रे नारी शक्ति सशक्तिकरण मिशन एक दर्जन लोगों के फोटो सेशन कर चेकिंग रजिस्टर में हस्ताक्षर कर सिमटकर रह जाता है नारी शक्ति मिशन

संस्कार उजाला

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित नजर आ रही है। और योगी सरकार के द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को आदेशित किया गया है कि यदि कोई महिला/युवती रात्रि के समय में थाने जाकर/ हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके सहायता मांगती है। तो संबंधित थाने की पुलिस/पीआरबी वैन उसको उसके सुरक्षित स्थान पर छोड़ने का कार्य करेगी। जहां एक तरफ सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ऐढ़ी चोटी का जोर लगा रही है। वहीं सरकार के द्वारा चलाया जा रहा। नारी शक्ति सशक्तिकरण मिशन 12 फोटो सेशन कर रजिस्टर में हस्ताक्षर कराकर सिमटता नजर आ रहा है। और उसके उपरांत महिलाओं की सुरक्षा हो जाती है राम भरोसे। बता दें कि योगी सरकार के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एंटी रोमियो टीम उत्तर प्रदेश के सभी थानों में गठित की हुई है। थानों में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम की महिला कांस्टेबलों के द्वारा केवल अपनी ड्यूटी पूरी करने को लेकर मात्र 12 संदिग्ध लोगों की जांच फोटो सेशन कर अधिकारियों को वायरल करने के उपरांत ड्यूटी पूरी हो जाती है। जिसका उदाहरण जनपद के भीड़भाड़ वाले इलाकों अति व्यस्ततम बाजारों स्कूल मार्ग पार्कों के आसपास देखने को मिल रहा है। जिसमें एंटी रोमियो टीम की महिला कांस्टेबलों के द्वारा नारी शक्ति सशक्तिकरण मिशन को अमली जामा पहनाने के साथ मात्र 12 लोगों की चेकिंग कर उनके फोटो सेशन करने के उपरांत रजिस्टर में हस्ताक्षर कराके अपनी ड्यूटी की इतिश्री कर दी जाती है। उसके उपरांत महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था राम भरोसे होने के साथ पुलिस के आला अधिकारियों को फोटो भेजकर यह नारी शक्ति सशक्तिकरण मिशन चेकिंग अभियान रजिस्टर में सिमट जाता है।

जनपद हापुड़/अकबरपुर बुकलाना में जाहरवीर गोरखनाथ के मंदिर में आधा दर्जन से अधिक मूर्तियों को किया क्षतिग्रस्त ग्रामीणों में रोष पुलिस मामले की जांच में जुटी

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के गांव अकबरपुर बुकलाना में बीती रात्रि जाहरवीर गुरु गोरखनाथ के मंदिर में एक युवक के द्वारा लोहे की छड़ी से आधा दर्जन मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसको ग्रामीणों के द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौपा गया है। बता दे कि सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर बुकलाना में बीती रात्रि में एक युवक के द्वारा गांव के बाहरी छोर पर बने जाहरवीर गोरखनाथ के मंदिर में लगी आधा दर्जन से अधिक मूर्तियों को लोहे की राड से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों की माने तो मंदिर में घुसकर मूर्तियां तोड़ने वाले व्यक्ति को मंदिर में बैठकर सुबह के टाइम नमाज पढ़ने और अल्लाह हू अकबर के नारे लगाते देखा गया। साथ ही मंदिर में मूर्तियां क्षतिग्रस्त पड़ी हुई देखकर ग्रामीण हस्तप्रद रह गए। जिसकी सूचना ग्रामीणों को द्वारा तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इस मुस्लिम युवक को अपने हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में हिरासत में लिए गए युवक ने अपना नाम मौहम्मद नासिर निवासी बंगाल बताया है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर बजरंग दल के जिला संयोजक प्रभात चौधरी एवं सनप्रीत सिंह का कहना है कि इस तरह की घटनाएं धार्मिक भावनाओं को आहत करने का कार्य करती हैं। जिस माहौल बिगड़ जाता है। ऐसे लोगों के विरुद्ध सबसे सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। वही अंडर ट्रेनिंग सीओ/थाना प्रभारी पीयूष का कहना है कि हिरासत में लिया गया युवक प्रथम दृष्टया विक्षिप्त लग रहा है। जो कभी अपना नाम मौहम्मद नासिर तो कभी फारूक बताते हुए अपने आप को पश्चिम बंगाल का रहने वाला बता रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

जनपद हापुड़/वनखंडा नहर पटरी पर झाड़ियां में 42 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

संस्कार उजाला

बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में सभा के मिलने का सिलसिला जारी एक सप्ताह के अंतराल में दूसरे व्यक्ति का नहर पटरी पर झाड़ियां में पड़ा 42 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी। बता दे कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सप्ताह में दो अज्ञात लोगों के शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप। चूंकि चारा दिन पूर्व भी बाबूगढ़ थाने से चन्द मीटर की दूरी पर केन्द्रीय विद्यालय के पास एक युवक का शव पड़ा मिला था। जिसकी पहचान सनी उर्फ छुटका निवासी सिकंदर गेट हापुड़ के रूप में हुई थी। इसी क्रम के चलते 25 अगस्त की सुबह राहगीरों ने कुचेसर रोड चौपाल से वनखंडा होकर रसूलपुर जाने वाले मार्ग नहर पटरी पर झाड़ियां में एक लगभग 42 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू की। साथ ही घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित कर जांच शुरू कर दी है। और शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

जनपद हापुड़/सिंभावली पुलिस ने यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध चलाया संघन चेकिंग अभियान

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली पुलिस के द्वारा यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध चलाए गए सघन चेकिंग अभियान से ऑटो चालकों में मची अपरा तफरी। आपको बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हरोड़ा मोड फ्लाईओवर के नीचे से मानक से अधिक सवारियां भरकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध सिभावली पुलिस के द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलते हुए। ऑटो चालकों को सख्त हिदायत दी गई। और उपनिरीक्षक महंत राज सिंह ने ऑटो चालकों को चेतावनी देते हुए कहां कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी ऑटो संचालक के द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मानक से अधिक सवारियां बैठक हाईवे पर दौड़ लगाने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध शख्स से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

ब्रज के विकास एवं अपने ऊपर पुलिस कार्यवाही के कुचक्र के विषय में दिनेश शर्मा को अपना लिखित पक्ष रखने के लिए मुख्यमंत्री जी से मिलवाया जाए न्यास

मथुरा। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की बैठक मधुबन स्थित ध्रुव नारायण मंदिर पर आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से न्यास के पदाधिकारी ने एक स्वर होकर श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष हिंदूवादी दिनेश शर्मा को मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से मिलने एवं अपनी बात रखने की मांग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी भगवान श्री कृष्ण की पावन जन्मभूमि पर पधार रहे हैं वह संपूर्ण भारतवर्ष के हिंदुत्व छवि के सबसे लोकप्रिय शख्स एवं परम कृष्ण भक्त हैं इसलिए पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के कृष्ण भक्त श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह मामले के मुख्य हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा को संघ एवं भाजपा के पदाधिकारी व प्रशासन मुख्यमंत्री जी से मिलने की व्यवस्था करें ताकि वह अपने द्वारा ब्रज के विकास, तथा अपनी वेदना को पत्र के माध्यम से स्वयं अपने हाथों से सौप सके हमें उनकी सुरक्षा की परम आवश्यकता है प्रशासन आज तक दिनेश शर्मा को सुरक्षा प्रदान नहीं कर सका यह सब प्रश्न यक्ष प्रश्न बनकर सामने हैं श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष एवं हिंदूवादी दिनेश शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय योगी आदित्यनाथ को मे भगवान का अवतार मानता हूं, वह हनुमान जी के अवतार हैं आज संपूर्ण भारतवर्ष में उनसे बड़ा कोई हिंदुत्व का चेहरा नहीं है मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं उनसे मिलकर संपूर्ण ब्रज के उत्थान एवं विकास में अपनी सहभागिता देते हुए उनको एक पत्र सौप कर उनका

ध्यान आकर्षित कराते हुए यह बताउ की किस प्रकार से श्री कृष्ण जन्मभूमि का पक्षकार होने के नाते, भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण कि जब तक जन्मभूमि की जगह से इस्लामिक इमारत को नहीं हटाया जाता इस लड़ाई को लड़ता रहूंगा मुझे समय-समय पर प्रशासनिक कुचक्र के तहत याचनाएं दी जाती हैं, उनसे मिलकर मैं अपनी वेदना रखना चाहता हूं और भगवान श्री कृष्ण की पावन नगरी को और अधिक भव्य बनाया जा सकता है पानी के निकास एवं ब्रज के सर्वांगीण विकास को और अधिक तेजी से किस प्रकार किया जा सकता है वह संपूर्ण भारतवर्ष के सबसे बड़े सुबे के मुखिया हैं वह मेरी बात पर ध्यान अवश्य देंगे ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है आचार्य बलराम जी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी संत उपासक भी हैं वह समय-समय पर ब्रज की प्रसिद्ध संतों से मिले हैं इसलिए परम आवश्यक हो जाता है श्री कृष्ण भक्त दिनेश शर्मा को जो अन्न त्याग कर भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण की लड़ाई लड़ रहे हैं उनकी मुलाकात परम आवश्यक है जिससे वह अपनी वेदना लिखित पत्र के माध्यम से उनके सामने रख सके आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि जो व्यक्ति नंगे पर रहकर हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाता हो ऐसे परम त्यागी व्यक्तित्व को मुख्यमंत्री जी को मिलना चाहिए इस अवसर पर बैठक को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महामंत्री अश्वनी शर्मा, राष्ट्रीय सचिव जयराम शर्मा, महानगर अध्यक्ष, ठाकुर नरेश सिंह मधुबन महंत हरिदास बाबा, आदि रहे बैठक का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक ने किया बैठक में मुख्य रूप से, डॉ जमुना देवी शर्मा, महीला जिला अध्यक्ष गुंजन शर्मा, प्रदेश सचिव राजेश कृष्ण शास्त्री, महानगर महामंत्री राहुल गौतम, मोहनदास बाबा, रामदेव यादव, लखबीर सिंह बघेल, केदार पहलवान, अष्टयाम बैरागी, ठाकुर सूरजमल, गंभीर बघेल, महेश भट्ट, आदि उपस्थित थे ।

पुलिस भर्ती परीक्षा का आज तीसरा दिन सुबह से केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़

आगरा। में आज तीसरे दिन पुलिस भर्ती परीक्षा है। पहली शिफ्ट में एग्जाम सुबह 10 बजे शुरू हुआ, जो दोपहर 12 बजे तक चलेगा। करीब 24 हजार अभ्यर्थी परीक्षा के लिए रजिस्टर्ड हैं। दो दिन में करीब 16 हजार अभ्यर्थियों ने एग्जाम छोड़े। कड़ी चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जा रहा है। एआई तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। आगरा में अब तक एक फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा गया है। आगरा के 27 केंद्रों पर चल रही पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन कुल 15551 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया तो वहीं 7669 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी। पहली पाली में जहां 11760 के सापेक्ष 7701 ने परीक्षा दी, जिसमें 4059 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 11760 के सापेक्ष 7850 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और

3921 अनुपस्थित रहे। कुल 15,551 अभ्यर्थी शामिल हुए, 7969 ने परीक्षा छोड़ी। बता दें कि पहले दिन 8322 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं आए थे पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। सीसीटीवी कैमरों से भी परीक्षा कक्ष की निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम से सभी व्यवस्थाएं देखी जा रही हैं। परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले ही अभ्यर्थियों की एंट्री दी जा रही है। परीक्षा से आधे घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिया जा रहा है। परीक्षा में फर्जी अभ्यार्थी पकड़ने के लिए एआई तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इसके तहत पहले आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों का रिकॉर्ड को शामिल किया गया है। इस बार परीक्षा में बैठने वाले अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र और चेहर के फोटो का एआई तकनीक से मिलान किया जा रहा है।

इससे ये पता लगाया जा रहा है कि अभ्यर्थी की जगह कोई और तो परीक्षा में नहीं बैठा। उसने अपना रूप तो नहीं बदला या फोटो में मिक्सिंग तो नहीं की गई

विवि कैंपस के बाहर बदहवास मिली छात्रा

आगरा। में पिछले दिनों जबरन कार में रेप का मुकदमा दर्ज कराने वाली युवती रविवार को बदहवास हालत में मिली। युवती के पास एक बैग भी था। युवती को देखकर लोग मदद की बजाए उसका वीडियो बनाने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवती मानसिक रूप से बीमार लग रही है। उसे मानसिक आरोग्यशाला में भर्ती कराया गया है। खंदारी परिसर की एक छात्रा ने अपने सीनियर पर जबरन रेप का आरोप लगाया था। इसका मुकदमा थाना सिकंदरा में दर्ज किया गया था। युवती ने जिस पर आरोप लगाया था, उस युवकी लोकशन जम्मू-कश्मीर के कॉलेज में मिली थी। पुलिस केस में साक्ष्य संकलन कर रही है। इसी बीच आरोप लगाने वाली छात्रा रविवार को खंदारी कैंपस के बाद बदहवास हालत में मिली। लोगों ने बताया कि खंदारी कैंपस के पास युवती अपने कपडे. उतराने लगी। लोगों की भीड़ लग गई। मदद की बजाए उसका वीडियो बनाने लगे। सूचना पर सामाजिक कार्यकर्ता नरेश पारस पहुंच गए।

बड़े ही धूमधाम से मनाया गया मां विंध्यवासिनी छठ पूजा उत्सव

☆रात भर भक्त गीत, संगीत के सागर में गोता लगाते रहें भक्त

☆शिव पार्वती की मनमोहक झांकी देख खूब झूमे श्रोताभक्त

☆पत्रकार रक्षा ऊमर ने मैय्या तेरी चरणों में गाकर खूब तालियां बटोरी

मिजार्पुर/विंध्याचल - शनिवार को मां विंध्यवासिनी देवी जी का छठ पूजा उत्सव तथा मां छठी मैया 19 वाँ छठ पूजन उत्सव मां विंध्यवासिनी देवी जी के धाम प्रांगण में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले मां विंध्यवासिनी देवी जी का वृहद श्रृंगार पूजन, मां दुर्गा जी का चंडी पाठ हवन,कन्या पूजन भोग प्रसाद वितरण,भंडारा, शायन काल देवी जागरण में रात भर भक्त भक्ति के सागर में डुबकी लगाते रहें तथा मंदिर प्रांगण में दीपदान किया गया। देवी जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना फिर मां विंध्यवासिनी देवी जी के भजन से किया गया। इस दौरान तबला पर बबलू मिश्रा, ढोलक पर अनुराग झा, आर्गन पर नागेंद्र दुबे, पैड पर अनुपम सिंह आदि वादकों ने सबसे पहले अपने वाद्ययंत्रों की

जुगलबंदी से सबको देवी जागरण के प्रति आकर्षित किया और सब जिस प्रकार से गीत गाते उसी प्रकार से भक्तों के ऊपर भाव भंगिमा दिखाई पड़ता था कभी एकदम शांत चित्त से भजन सुनते तो कभी खड़े होकर झूमने लगते थे। लोकप्रिय गायक ज्योति तिवारी जी ने मां का भजन गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तो एक के बाद एक सभी गायक और गायिकाओं ने देवी जागरण के कार्यक्रम में चार चांद लगा रहे थे तो वहीं शिव पार्वती की मनोहर झांकी ने रात भर देवी जागरण की शमा बांध रखा था। पत्रकार रक्षा ऊमर ने जब मैय्या तेरी चरणों में गाया तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा विंध्य धाम गूंज उठा। लोक प्रिय गायक प्रभा सोनकर ने गणेश वंदना जैसे ही गाना शुरू किया ₹सारे जगत में सबसे पहले तेरी पूजा हो रिया, गणपति बप्पा मोरिया मंगल मूर्ति मोरिया₹ गाते ही खूब तालियां बटोरी इसके बाद फिर अपने मधुर स्वर में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया। विक्की तिवारी (छोटा पागल) गायक वाराणसी ने भी मुझे दास बनाकर रख लेना, मेरी मैय्या जी अपने चरणों में जाकर लोगों को खूब झुमाया। राजेश परदेशी (मनोज तिवारी) बाड़ी शेर पर सवार रुपवा मनवा मोहत बा गाया। सपना पांडेय गायिका वाराणसी ने भी माई तोहरी चरणीय में गाकर खूब वाह वाही लूटी। इसी तरह रात भर कलाकारों ने अपने अपने स्वर में श्रोताभक्तो को भक्ति की सागर में गोता लगवाते रहें। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष पंडित अर्जुन पांडेय जी, मुख्य सतिशचंद्र पांडेय जी, मुख्य व्यवस्था प्रमुख पाताल चंद्र पांडेय जी जी सभी भक्तों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया। भक्तगण पंकज शुक्ला (शुकुलपुर लालानगर), दिलीप अग्रवाल (सूरत) अभय कुमार सिंह (बिहार), निशान्त पाण्डेय (बिहार), धानू भारती (बिहार), रंजीत सिंह (बिहार), डा० विनोद (बिहार), विजय तिवारी (बिहार), सुमेश्वर (बिहार), गंगाधर शुक्ला (प्रयागराज) , हरि ओम पाण्डेय (लखनऊ), सतीश चौबे (सागर रायपुर),संतोष पाण्डेय (सागर रायपुर), श्याम मुरारी द्विवेदी (औराई), त्रिपुरारी द्विवेदी (औराई),रिंकू शुक्ला (औराई, विवेक पाण्डेय (मीरजापुर), दिलीप अग्रवाल (कोलकाता), विद्या धर तिवारी (रघुरामपुर),विष्णु गुप्ता (माखनभोग),प्रभात जायसवाल (लालू),अवनीश पाठक, जितेन्द्र पाठक (अध्यक्ष न०पा०अ० गोपीगंज),शिवकान्त शुक्ला (प्रधानजी), मुन्ना बाबा, अशोक कुमार अग्रवाल (ज्ञानपुर) आदि लोग उपस्थित।

ताजमहल के मुख्य गुंबद तक ले जा सकेंगे पानी बोतल

आगरा। ताजमहल में अब मुख्य गुंबद पर पानी की बोतल ले जाने की सुविधा मिल सकेगी। श्रावण मास खत्म होते ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने फिर से इस व्यवस्था को लागू कर दिया है। पानी की बोतल पर रोक के चलते पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कुछ दिनों पहले अखिल भारत हिन्दू महासभा के दो पदाधिकारियों और एक महिला नेत्री ने पानी की बोतल में गंगाजल ले जाकर कब्रों की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर चढ़ा दिया था। इसको लेकर हड़कंप मच गया था। इसके बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों ने मुख्य गुंबद के तक पानी की बोतल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि पानी की बोतल न ले जाने देने से पर्यटकों को काफी परेशानी हो रही थी। गर्मी और उमस में पर्यटक बिना पानी के बेहाल हो रहे थे। यूपी टूरिस्ट गाइड्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक दान ने पानी की बोतले ले जाने देने के लिए अधीक्षण पुरातत्वविद से बात की थी। उन्होंने सावन महीने के खत्म होने के बाद इस व्यवस्था को फिर से लागू कराने का आश्वासन दिया था। अब पानी की बोतल ले जाने की व्यवस्था फिर से बहाल कर दी गई है। इससे पर्यटकों को राहत मिलेगी।

संक्षिप्त डायरी

मंच पर आरती करते हुए मंत्री योगेश अग्रवाल

मथुरा। आज श्री कृष्ण जन्मस्थान लीला मंच पर पर श्री कृष्ण जन्म स्थान सेवा संस्थान के तत्वाधान मै श्री कृष्ण जन्म महोत्सव समिति द्वारा 6 दिवसीय श्री कृष्ण लीलाओ का शुभारम्भ श्री गणेश पूजा के साथ प्रारम्भ हुआ इस अवसर संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा हिन्दू वादी श्री गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल महोत्सव समिति के मंत्री श्री योगेश अग्रवाल द्वारा राधा कृष्ण की आरती उतारी श्री अग्रवाल ने बतलाया इस बार जन्मआष्ट्मी के अवसर पर जन्मस्थान को भव्य रूप से सजाया गया है 26 अगस्त को प्रातः प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी जन्म स्थान पर पधार कर पूजा अर्चना करेंगे

श्रीकृष्ण जन्मस्थान से निकलेगी शोभायात्रा, शामिल होंगे मुख्यमंत्री 1037 करोड़ की 178 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे

मथुरा। भगवान श्री कृष्ण के 5251 में जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम को मथुरा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा तीन दिन तक चलने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वह हेमा मालिनी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाली नृत्य नाटिका को देखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम को 5 बजकर 55 मिनट पर पहुंचेंगे। यहां वह ब्रज विकास परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्म उत्सव का विशाल बैलून उड़ाकर शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वह यहां पौने दो घंटे तक रहेंगे।

जय गुरुदेव मंदिर के पास चले लाठी डंडे

थाना हाईवे क्षेत्र के जय गुरुदेव मंदिर के पास दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके साथ ही पास ही लगे सीसीटीवी में भी मारपीट की घटना कैद हुई। जहां कुछ नामजद युवकों ने एक दुकानदार के साथ मारपीट कर दी और जमकर चले लाठी डंडे, घटना पास के ही सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। लेकिन झगड़ा का वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कमरे में कैद हो गया। जो कि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

योगी सरकार ने 18 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर किए

आईपीएस ट्विंकल जैन को मथुरा से नोएडा भेजा गया। योगी सरकार ने रविवार को 18 आईपीएस के ट्रांसफर किए यह सभी 2021 और 2022 बैच के अफसर है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन को लेकर सीएम योगी का निर्देश

मथुरा। कृष्ण जन्मभूमि क्रक और आतंकी संगठनों के निशाने पर, सुरक्षा के करें जाए पुख्ता इंतजाम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृष्ण जन्मभूमि को लेकर अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी पर्व 25 और 26 अगस्त को मनाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा में होंगे। मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि/शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यंत संवेदनशील है। तथा क्रकव अन्य आतंकी संगठनों के निशाने पर है। इसकी विशेष सुरक्षा समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं।

युवक ने किया सुसाइड का प्रयास गर्लफ्रेंड के बात नहीं करने से नाराज था

आगरा। के थाना हरीपर्वत अंतर्गत लगडे. की चौकी में एक युवक ने रविवार को एक तरफा प्यार में सुसाइड करने का प्रयास किया। युवक ने गर्लफ्रेंड के बात न करने पर अपने हाथ-पैर की नस काट ली। आस पास के लोगों ने युवक को समझाया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किसी तरह से उसे समझाकर अस्पताल पहुंचाया। वहां पर उसका इलाज चल रहा है। घर में पहली मंजिल पर रहता था आगरा के थाना हरीपर्वत के रिंग रोड चौकी इंचार्ज को सूचना मिली कि लंगड़े की चौकी क्षेत्र के मस्ता की बगीची इलाके में रहने वाले युवक सूरज ने अपने हाथ पैरों को काट लिया है। उसके शरीर से खून बह रहा है। युवक इलाज के लिए आने को तैयार नहीं है। सूचना पर तत्काल सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार अपने साथ सिपाही को लेकर मौके पर पहुंचे। युवक के घर पहुंचने पर पूरे घर मे खून फैला हुआ था। युवक के हाथ और पैरों से काफी खून बह रहा था। परिजन और मोहल्ले के लोगों की भीड़ लगी थी। युवक पहली मंजिल पर बने कमरे में था। लोग उसे समझाकर इलाज के लिए ले जाने की बात कह रहे थे। लेकिन वो चीख रहा था। गर्लफ्रेंड पर लगाया धोखा देने का आरोप पुलिस युवक के पास पहुंची। उसे अपने साथ चलने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। वो कह रहा था कि उसे मरना है। पुलिस काफी देर तक उसे समझाती रही। उससे प्रेमिका का नंबर मांग कर अस्पताल बुलाने तक की बात कही। लेकिन, युवक को इलाज न कराने पर अड़ गया। काफी मुश्किल से समझाने के बाद युवक पुलिस के साथ अस्पताल जाने को तैयार हुआ। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराकर उसका इलाज कराया। इलाज शुरू होने के बाद युवक ने बताया कि उसकी प्रेमिका ने उसे धोखा दिया है। इससे नाराज होकर उसने आत्महत्या करने के लिए अपने शरीर के अंगों को चाकू से काट दिया है।

आनन्द धाम आश्रम में धूम धाम से संपन्न हुआ श्रीविष्णु स्वामी आचार्य महाराज का प्राकट्योत्सव

वृन्दावन। चामुंडा मोड़ स्थित आनंदधाम आश्रम (ठाकुरश्री शेषनारायण मन्दिर) में श्रीविष्णु स्वामी आचार्य जयंती महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ कई प्रख्यात संतों एवं धमार्चार्यों की सन्निधि में मनाया गया।सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे विष्णु स्वामी अखाड़ा (ज्ञान गुदड़ी) से आनंद धाम आश्रम (श्री शेषनारायण मंदिर) चामुंडा मोड़, परिक्रमा मार्ग तक गाजे-बाजे के मध्य भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें असंख्य भक्त-श्रद्धालु शामिल हुए।तत्पश्चात वृहद संत-विद्वत सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ।जिसमें विचार व्यक्त करते हुए आनंदधाम आश्रम (ठाकुरश्री शेषनारायण मन्दिर) के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर विजयदास भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) एवं कलाधारी बगीची आश्रम के महंत जयराम दास महाराज ने कहा कि जगद्गुरु श्रीविष्णु स्वामी आचार्य स्वयं भगवान की दिव्य विभूति होने के कारण बाल्यकाल से ही इनमें अलौकिक गुणों के आभास दिखाई देने लगे थे।उन्होंने यज्ञोपवीत संस्कार के कुछ समय पष्चात ही गुरूश्री त्रिलोचनाचार्य महाराज से दीक्षा ली।साथ ही अन्य गुरूश्री शुकदेवजी महाराज व न्यासजी महाराज के गुरूस्व में वेद वेदान्त, पुराणादि ग्रन्थों का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। चतुः संप्रदाय के श्रीमहंत बाब फूलडोल बिहारीदास महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज ने कहा कि जगद्गुरु श्रीविष्णु स्वामी आचार्य ने अपने आराध्य प्रभु के दर्शन पाने के लिए अन्न-जल का त्याग कर दिया था।ऐसी दिव्य विभूतियों से ही पृथ्वी पर धर्म व अध्यात्म का अस्तित्व है। महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि आनंदधाम आश्रम (ठाकुरश्री शेषनारायण मन्दिर) श्रीविष्णु स्वामी सम्प्रदाय का प्रमुख केंद्र है। जिसके द्वारा संत सेवा, गौसेवा एवं निर्धन-निराश्रित आदि के लिए जो सेवा प्रकल्प संचालित हो रहे हैं, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, वो कम है। महोत्सव में महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज, महंत शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज, श्रीमहंत वेणुगोपाल दास महाराज, श्रीमहंत सनत कुमार दास महाराज, महंत रामदेव चतुर्वेदी, महामंडलेश्वर गोपीकृष्ण दास महाराज, स्वामी भानुदेवाचार्य महाराज, श्रीमहंत संतदास महाराज, साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया, श्रीमहंत अमरदास महाराज, महंत चंद्र दास महाराज, राजनारायण द्विवेदी उर्फ राजू भैया, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज, महंत श्यामसुंदर दास महाराज, महंत जगन्नाथदास शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा, संत जुगलदास महाराज, महंत लाड़िली दास महाराज, सुभाष गौड़ (लाला पहलवान), पंडित छैल बिहारी शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन भैयाजी महाराज ने किया।महोत्सव के अंतर्गत सरस भजन संध्या का आयोजन संपन्न हुआ।जिसमें प्रख्यात भजन गायकों ने

ठाकुर श्रीराधा-कृष्ण की महिमा से ओतप्रोत भजनों का गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इसके अलावा संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

पूर्व कपड़ा एवं जूट मंत्री गुलाम दस्तगीर गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश के पूर्व कपड़ा एवं जूट मंत्री गुलाम दस्तगीर गाजी को पुलिस ने ढाका से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की आवामी लीग सरकार के अधिकारियों व मंत्रियों पर सख्ती दिखाते हुए की है। गौरतलब है कि छात्र आंदोलन और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोडने के बाद से ही पुलिस लगातार अवामी लीग सरकार से जुड़े अधिकारियों और उनके मंत्रियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हुए है। सूत्रों की मानें तो पुलिस थाने के प्रभारी मौल्ला मोहम्मद खालिद हुसैन ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया है कि 76 वर्षीय नेता को शनिवार देर रात करीब तीन बजे राजधानी ढाका के पियरगोली इलाके स्थित एक घर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने के बाद डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) कार्यालय लेकर पहुंची है। डीबी में कपड़ा मंत्री को रखे जाने के संबंध में पुलिस सूत्रों का कहना था कि चूंकि हाल ही में हुई हिंसा के दौरान पुलिस थाना बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, इस कारण उन्हें डीबी लाया गया है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस अधिकारी आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। उन्होंने इस बात से भी गुरेज किया है कि आखिर किन धाराओं के तहत पूर्व मंत्री गुलाम दस्तगीर गाजी को पुलिस हिरासत में लिया गया है। यहां बतलाते चलें कि इस गिरफ्तारी से पहले नारायणगंज के रूपगंज पुलिस थाना में शेख हसीना और गाजी समेत 105 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु की गई है।

ब्रिटेन के दिग्गज कारोबारी माइक लिंच की मौत, बेटी हन्नाह लापता, -सिसिली के तट पर डूब गया था याट, पत्नी समेत 14 लोगों को बचा लिया था

लंदन (ईएमएस)। ब्रिटेन के दिग्गज बिजनेसमैन माइक लिंच की मौत हो गई है। उनका शव उनके ही सुपरयाट में मिला है। ये याट करीब एक हफ्ते पहले सिसिली के तट पर डूब गया था। 59 साल के माइक लिंच को ब्रिटेन का 'बिल गेट्स' कहा जाता था। बता दें कि इस याट में लिंच की पत्नी एंजेला बकारेस और बेटी हन्नाह के अलावा दस क्रू मेंबर्स और 12 यात्री मौजूद थे। इनमें से लिंच की पत्नी एंजेला समेत 14 लोगों को बचा लिया गया। वहीं उनकी बेटी हन्नाह अभी भी लापता है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हन्नाह की मौत हो चुकी है हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि एक हफ्ते पहले इटली के पलेर्मो प्रांत के एक छोटे से गांव पोर्टिसेलो के तट पर एक विशाल जहाज डूब गया था। जब ये हादसा हुआ तब पता नहीं चला था कि ये जहाज किसका है, लेकिन जब इसकी जांच हुई तब पता चला कि ये डूबा जहाज ब्रिटेन के दिग्गज कारोबारी माइक लिंच की पत्नी एंजेला का है और ये भी पता चला कि इस याट में उनके पति लिंच और बेटी भी थे। बता दें कि दो महीने पहले ही लिंच ने हेवलेट पैकर्ड के आरोपों पर एक ऐतिहासिक अमेरिकी मुकदमे में शानदार जीत हासिल की थी। ब्रिटेन के बिल गेट्स कहे जाने वाल माइक लिंच का जन्म 1965 में आयरिश परिवार में पूर्वी लंदन के एक बड़े शहर इलफोर्ड में हुआ था। उनकी मां एक नर्स थीं और उनके पिता एक फायरमैन थे। 1980 के दशक के आखिरी में लिंच ने लिनेट सिस्टम्स लिमिटेड की स्थापना की, जो एक फर्म थी जो संगीत उद्योग के लिए डिज़ाइन और ऑडियो उत्पाद तैयार करती थी। 1990 में उन्होंने कैम्ब्रिज न्यूरोडायनामिक्स नामक फिंगरप्रिंट पहचान के कारोबार की स्थापना की। जिसका इस्तेमाल सबसे पहले दक्षिण यॉर्कशायर पुलिस ने किया। लिंच को बड़ा ब्रेक 1996 में ऑटोनॉमी से मिला, जिसे उन्होंने कैंब्रिज न्यूरोडायनामिक्स के स्पिनऑफ के रूप में डेविड टैबिज़ेल और रिचर्ड गौंट के साथ सह-स्थापित किया था। कंपनी ब्रिटेन की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनी बन गई। उन्होंने पैटर्न-मिलान एल्गोरिदम से बने ऑटोनॉमी के सॉफ़्टवेयर को एक ऐसे समाधान के रूप में पेश किया जो कर्मचारियों को वेब पेज, ईमेल, वीडियो, ऑडियो और टेक्स्ट सहित असंरचित डेटा से अर्थ निकालने में मदद कर सकता है।



क्या कभी आएगी गाजा में शांति.... नेतन्याहू के तेवर से नहीं लगता

तेल अवीव । इजरायल और हमास के बीच जारी जंग को रोकने के लिए कई महीनों से बातचीत का दौर चल रहा है। बताया जा रहा हैं कि दोनों पक्ष युद्ध विराम समझौते के बेहद करीब पहुंच चुके है। हालांकि कई जानकार समझौते के ज्यादा दिन टिकने की उम्मीद नहीं। उधर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बातें इन आशंकाओं को और मजबूत ही करती है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, मैं आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हूं, यह कोई रहस्य नहीं है, इससे कुछ लोग वापस आ जाएंगे। लेकिन हम हमास को नष्ट करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विराम के बाद भी युद्ध जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं इस पर हार नहीं मानूंगा। बात दें कि पीएम के इस इंटरव्यू को 2 महीने से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन इजरायल का स्टैंड बदलने का कोई संकेत नहीं दिखाता है। माना जा रहा है कि इजरायल और हमास के बीच सीजफायर डील हो भी जाती है, तब बड़ी चुनौतियां बनी रहेंगी। राष्ट्रपति जो बाइडन ने स्वीकार किया कि अस्थायी विराम शुरू होने के बाद बातचीत के लिए काफी मुद्दे बचे रह सकते है। उधर हमास को उम्मीद थी कि अब बस इस बात पर चर्चा होनी है कि इजरायली बंधकों को छोड़ने के एवज में कितने फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। हालांकि इजरायल इस पर बात करने को तैयार नहीं। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ का रोल निभा रहे अमेरिका, मिस्र और कतर जंग को रोकने के लिए बातचीत को ट्रैक पर रखने की जितनी भी कोशिश करें, वे आसानी से बिखर सकते हैं और दोनों पक्ष एक बार फिर हथियार उठा सकते हैं। माना जाता है कि गाजा में हमास के नेता याह्या सिनवार, जिन्हें खोजने के लिए इजरायल के भयंकर प्रयासों के बावजूद अभी भी जीवित हैं। इसके अलावा हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के हजारों लड़ाके भी युद्ध के मैदान में बने हुए हैं।

भूख-प्यास से तड़पकर भारतीय की मौत

रियाद। सऊदी अरब में काम कर रहे 27 साल के भारतीय नागरिक मोहम्मद शेहजाद खान की मौत हो गई है। तेलगांना का रहने वाला शेहजाद सऊदी के रेगिस्तान रुब-अल खाली में फंस गया था। इसे दुनिया की सबसे खतरनाक जगहों में से एक कहा जाता है। शेहजाद सुडान के अपने एक दोस्त के साथ इस इलाके से गुजर रहा था। रास्ते में उनका जीपीएस सिग्नल फेल हो गया। इसके कुछ समय बाद उनकी गाड़ी में तेल और फोन की बैटरी भी खत्म हो गई, जिस वजह से वे किसी से मदद नहीं मांग पाए।

चीनी सेना का नया सिद्धांत - ताकतवर दुश्मनों, विरोधियों के खिलाफ युद्ध जीतना

बीजिंग। चीन के एक शीर्ष रक्षा अधिकारी ने कहा है कि स्थानीय युद्ध जीतने के अपने दशकों पुराने सिद्धांत से हटकर चीनी सेना अब ''ताकतवर दुश्मनों और विरोधियों'' के खिलाफ युद्ध जीतने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब चीन, अमेरिका सहित कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य मियाओ हुआ ने कहा, ''नयी यात्रा में, हमें ... ताकतवर दुश्मनों और विरोधियों को हराने के लिए क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।'' चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सेना को देश की संप्रभुता और विकास हितों की रक्षा के लिए अपनी रणनीतिक क्षमता में सुधार करने का भी निर्देश दिया है। माओत्से तुंग युग के बाद देश का पुनर्निर्माण करने वाले शीर्ष नेता और आधुनिक चीन के वास्तुकार के रूप में जाने जाने वाले डेंग जियाओपिंग की 120वीं जयंती का जश्न मनाते हुए चिनफिंग ने न केवल सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी और देश के लिए उनके योगदान की प्रशंसा की, बल्कि आधुनिक सेना तैयार करने के उनके दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी याद किया कि डेंग ने चीनी सेना पीएलए को एक मजबूत, आधुनिक और सुसंगठित बल बनाने तथा कम लेकिन बेहतर सैनिक रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया था।

जर्मनी में एक अज्ञात हमलावर के हमले में मारे गये लोगों के स्मारक पर मोमबत्ती , फूल और रेनबो वाले झंडे रखे गये।

कमला हैरिस को जिताने अमरीका के हिंदू संगठन ने किया समर्थन

वाशिंगटन । अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए राष्ट्रपति पद का नामांकन स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही अब वे आधिकारिक तौर पर अमेरिका की किसी प्रमुख पार्टी के टिकट पर चुनाव लडने वाली भारतीय और अफ्रीकी मूल की पहली महिला बन गई हैं। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डॉनल्ड ट्रंप से मुकाबला करेंगी। अगर वह चुनाव जीतती है तो वह अमरीका की पहली महिला राष्ट्रपति बन जाएंगी। डीएनसी में कमला हैरिस के मंच पर पहुंचते ही हजारों समर्थक उनके पक्ष में नारे लगाने लगे। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां श्यामला गोपालन हैरिस को याद करते हुए कहा, मेरी मां ने मुझे सिखाया कि अन्याय की शिकायत करने की बजाय कुछ करें। उन्होंने ही हमें सिखाया कि कभी भी कोई काम आधा-अधूरा न करें। नस्लवाद की ओर इशारा करते हुए हैरिस ने कहा कि मैंने देखा कि दुनिया कभी-कभी मेरी मां से कैसा व्यवहार करती थी, लेकिन मेरी मां ने कभी अपना संयम नहीं खोया। हैरिस ने कहा इस चुनाव के साथ ही हमारे देश के पास अतीत की कड़वाहट, निराशावाद और विभाजनकारी लड़ाइयों से आगे बढने का एक अनमोल अवसर है। हैरिस का समर्थन करने के लिए अमरीका के कुछ हिंदू संगठनों ने मिलकर 'हिंदू फॉर कमला हैरिस' समूह बनाया है। समूह का मानना है कि हैरिस भारत, अमरीका और दुनिया के लिए अच्छी नेता साबित होंगी। बता दें कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन का जन्म और पालन-पोषण चेन्नई में हुआ। 19 साल की उम्र में 1958 में स्तन कैंसर के इलाज के लिए अमरीका चली गई थीं। यहीं आगे की पढ़ाई की। बर्कले विवि में उनकी मुलाकात हैरिस के पिता डोनाल्ड हैरिस से हुई, जिनसे उन्होंने 1963 में शादी कर ली। हैरिस से उनकी दो बेटियों कमला और माया का जन्म हुआ। 1971 में डोनाल्ड ने श्यामला से तलाक ले लिया। 2009 में कोलन कैंसर से श्यामला की मौत हो गई। वह बेटी को कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल, सीनेटर या उपराष्ट्रपति बनते नहीं देख पाई।

मिडिल ईस्ट में फिर गहराया संकट.. इजराइल में हाई अलर्ट, 48 घंटों के लिए इमरजेंसी का ऐलान,

- लेबनानी सीमा के समुद्री तट पूरी तरह से सील

-हिजबुल्लाह ने दागे रॉकेट..इजराइल ने बरसाए बम

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजराइल और लेबनान में जबरदस्त तनाव देखने को मिल रहा है। दोनों ओर से एक दूसरे पर लगातार हमले हो रहे हैं। लेबनान से ऑपरेट होने वाले हिजबुल्लाह संगठन ने इजराइल पर 320 रॉकेट से हमला किया है। इजराइल के 11 सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन्स भी फायर किए। हिजबुल्लाह ने यह हमला अपने टॉप कमांडर फुआद शुक्र की मौत का बदला लेने के लिए किया। दरअसल, इजराइल ने 30 जुलाई को बेरूत में एक एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर को मार गिराया था। हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल ने लेबनान में उसके ठिकाने पर जवाबी कार्रवाई की है। इजराइली डिफेंस फोर्स ने 100 फाइटर जेट्स से हिजबुल्लाह की रॉकेट लॉन्चिंग साइट्स पर अटैक किया। लेबनान और इजराइल के बीच हमले उस वक्त हुए हैं जब गाजा में जारी जंग को रोकने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा में बैठक चल रही है।

हिजबुल्लाह ने सुबह-सुबह इजराइल पर हमला किया। इस दौरान अमेरिका में रात थी। बाइडेन रातभर से हालातों पर नजर बनाए रखे हुए हैं। उन्होंने नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ मीटिंग की है। वहीं, व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका, इजराइल को सुरक्षित रखने में उनकी मदद करता रहेगा। मौजूदा हालात को देखते हुए इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने अगले 48 घंटों के लिए इमरजेंसी का ऐलान किया, जबकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उत्तर में बढ़ती स्थिति को संबोधित करने के लिए एक हाई लेवल मीटिंग की अध्यक्षता की। नेतन्याहू ने मीटिंग के दौरान कहा, हम अपने देश की रक्षा करने, उत्तर के निवासियों को सुरक्षित उनके घरों में वापस लाने के लिए हर कोशिश करेंगे। जो कोई भी हमें नुकसान पहुंचाता है, हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे।

स्थिति पर बाइडेन की नजर

व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता सीन सैवेट ने कहा कि जैसे-जैसे इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इजराइल और लेबनान में होने वाली घटनाओं पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। सैवेट ने कहा कि वे पूरी शाम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ जुड़े रहे। उनके निर्देश पर, सीनियर अमेरिकी अधिकारी अपने इजराइली समकक्षों के साथ लगातार संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम इजराइल के खुद की रक्षा करने के अधिकार का समर्थन करते रहेंगे और हम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए काम करते रहेंगे। आईडीएफ द्वारा हमले शुरू करने के बाद, रक्षा मंत्री गैलेंट ने अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन से बात की।

इजराइल पर ईरान से भी हमले का डर

इजराइल ने 30 जुलाई को बेरूत में एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर को मार गिराया था। इसके ठीक अगले दिन 31 जुलाई को ईरान में हमास के पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानियेह की मौत हो गई। हमास और ईरान ने इजराइल पर हानियेह की हत्या करने का आरोप लगाया। इसके बाद से मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया। ईरान और उनके समर्थन वाले हिजबुल्लाह संगठन ने कई बार इजराइल से बदला लेने की बात कही। शनिवार को इजराइल पर हमले के बाद हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने इजराइल के खिलाफ पहले फेज की कार्रवाई पूरी कर ली है। वह आगे और हमले करने की तैयारी में है। वहीं ईरान के तमाम नेता लगातार इजराइल को हमले की धमकी दे रहे हैं। हालांकि, यह अटैक कब होगा इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरान के दूतावास के पास हमला किया था। इसमें एक टॉप कमांडर समेत कई अधिकारी मारे गए थे। इजराइल के इस कार्रवाई के जवाब में 12 दिन बाद 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर 300 मिसाइलों और ड्रोन्स से अटैक किया था। इस हमले के 6 दिन बाद इजराइल ने ईरान में एयरस्ट्राइक की थी।

इजराइली सैनिकों ने गाजा की मस्जिद में कुरान जलाई

हमास ने शनिवार को इजराइली सैनिकों पर गाजा की एक मस्जिद में कुरान जलाने का आरोप लगाया। अलजजीरा के मुताबिक, हमास ने अरब और मुस्लिम देशों से इजराइली सैनिकों की इस हरकत की निंदा करने की अपील की। हमास ने कहा कि इजराइली सैनिकों का कुरान जलाना और मस्जिदों को तबाह करना उनका चरमपंथी रवैया दिखाता है। यह फिलिस्तीन की पहचान और उसकी पवित्रता से जुड़ी किसी भी चीज के लिए उनके फासीवादी सोच का सबूत है। हमास ने कहा कि समय आ गया है कि दुनिया के आजाद लोग साथ आकर फिलिस्तीन में मुस्लिम और ईसाई धर्म से जुड़े पवित्र स्थलों की रक्षा करें। उन्हें गाजा पट्टी पर विनाशकारी जंग को खत्म करने के लिए एकजुट होना होगा।

नकली नोटों से परेशान पाकिस्तान अब लाएगा प्लास्टिक करेंसी



कांची (एजेंसी)। पाकिस्तान आनाज, आटा, पेट्रोल लेकर बिजली की कमी सेजूझ रहा है।अब देश की केंद्रीय बैंक इस संकट से उबरने के लिए नया प्रयोग करने जा रही है, जिससे केवल देश की जनता को राहत तो मिलने की संभावना है साथ ही मनी लॉन्ड्रिंग की समस्या से समाधान मिलेगा।

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने इस्लामाबाद में बैंकिंग और वित्त पर सीनेट समिति को बताया कि इस साल दिसंबर तक सभी मौजूदा कागजी मुद्रा नोटों को नई सुरक्षा विशेषताओं के साथ फिर से डिजायन किया जा रहा है। अहमद ने कहा कि 10, 50, 100, 500, 1000 और 5000 रुपये के मूल्यवर्ग में नए डिजाइन वाले बैंक नोट दिसंबर में जारी किए जाएंगे। बता दें कि वर्तमान में लगभग 40 देश पॉलीमर प्लास्टिक बैंक नोटों का उपयोग करते हैं, जिनकी नकल करना कठिन है और इनमें होलोग्राम और पारदर्शी खिड़की जैसी अधिक उन्नत सुरक्षा विशेषताएं हैं। ऑस्ट्रेलिया 1998 में पॉलीमर बैंक नोट शुरू करने वाला पहला देश था। अहमद ने यह भी पुष्टि की कि केंद्रीय बैंक की 5,000 रुपये के नोट को बंद करने की कोई योजना नहीं है। हालांकि, एक सदस्य मोहसिन अज़ीज़ ने जोर देकर कहा कि इससे भ्रष्ट लोगों के लिए अपना कारोबार करना आसान हो जाएगा। केंद्रीय बैंक ने बताया कि इस साल के अंत तक के प्रयोग करते हुए एक नए पॉलीमर प्लास्टिक मुद्रा बैंक नोट लाएगा। केंद्रीय बैंक इसके साथ ही बेहतर सुरक्षा और होलोग्राम सुविधाओं के लिए सभी मौजूदा बैंक नोटों को फिर से डिजायन करेगा। सूत्र के मुताबिक पुराने नोट पांच साल तक प्रचलन में रहेंगे और केंद्रीय बैंक उन्हें बाजार से हटा देगा।' स्टेट बैंक के गवर्नर ने सीनेट समिति को बताया कि जनता के लिए एक मूल्यवर्ग में नया पॉलीमर प्लास्टिक बैंक नोट जारी किया जाएगा, तथा यदि इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली तो अन्य मूल्यवर्गों में भी प्लास्टिक मुद्रा जारी की जाएगी।

प्रधानमंत्री शहबाज ने आतंकियों को बताया कायर और की निंदा

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान के पिशिन जिले में कल शनिवार को हुए विस्फोट में 02 बच्चों और एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मियों समेत 13 लोग घायल हो गए हैं। इस घटना को आतंकवादी हमला करार देते हुए पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जहां घटना की निंदा की वहीं उन्होंने छोटे बच्चों पर हमला करने वालों को कायर आतंकवादी बताया है। बलूचिस्तान में यह विस्फोट पिशिन डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के करीब शनिवार को हुआ है। इसे लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि छोटे बच्चों पर हमला करने वाले कायर आतंकवादी असल में इंसान कहलाने के लायक ही नहीं होते हैं। इसी के साथ पीएम शहबाज ने घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घटना के जिम्मेदारों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें सख्त सजा देने का आह्वान भी किया है। गौरतलब है कि बलूचिस्तान के पिशिन जिले में हुए विस्फोट में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई है। इस घटना में 02 पुलिसकर्मियों समेत ही 13 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट की घटना सुरखाब चौक के पास मुख्य बाजार में होना बताई गई है। इस प्रकार की घटना पुलिस अधिकारियों और चौकियों पर हमलों की एक सिलसिलेबार हाने वाली नई घटना है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि विस्फोटक सामग्री एक मोटरसाइकिल में रखी गई थी, जिसमें विस्फोट होने से तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) और बम निरोधक दस्ता जांच करने और सबूत एकत्र करने घटनास्थल पहुंचा।

यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर रूस के जख्मों पर नमक छिड़कते दिखे जेलेंस्की

कीव(एजेंसी)। कीव(ईएमएस)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के जख्मों पर एक बार फिर से नमक छिड़कने का काम किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि 'रूस एक ही चीज चाहता था, हमें नष्ट करना। इसके बजाय, आज हम यूक्रेन के 33वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे हैं। और दुश्मन जो जंग हमारी जमीन पर लाया था, वह अब उसके घर वापस आ गई है। यूक्रेन के 33वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने भाषण में जेलेंस्की ने कहा कि जंग का दायरा अब रूसी इलाके में फैल गया है। जेलेंस्की ने अपना भाषण सुमी से दिया, जो रूसी सीमा के नजदीक का इलाका है, जहां इस महीने की शुरुआत में यूक्रेनी सेना रूस में घुस गई थी।

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मॉस्को से जुड़े धार्मिक संगठनों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पर भी दस्तखत किए हैं। जो यूक्रेन पर रूस के हमले का समर्थन करने के आरोप में आर्थोडॉक्स चर्च की एक शाखा के साथ

संबंध खत्म करने को दिखाता है। इस महीने की शुरुआत में संसद से पास एक कानून यूक्रेनी सरकार को इन संस्थानों को बंद करने का कानूनी अधिकार देता है। इससे रूस के साथ संबंध और भी खराब हो जाएंगे और यूक्रेन की स्वतंत्र धार्मिक पहचान मजबूत होगी। जेलेंस्की ने चेतावनी दी कि जो लोग यूक्रेन को सिर्फ एक बफर जोन में बदलने का इरादा रखते थे, उन्हें अब अपने देश की संभावनाओं के बारे में चिंतित होना चाहिए कि उनका अपना देश कहीं बफर फेडरेशन न बन जाए। इसके साथ ही यूक्रेन ने रोम संधि की पुष्टि करके अंतरराष्ट्रीय न्याय के साथ जुड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है, जिससे देश को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) में शामिल होने की अनुमति मिल गई है।

यूक्रेन के ड्रोन हमले के बाद रूस के वोरोनिश इलाके में रूसी सरकार ने इमरजेंसी लगी दी है। वोरोनिश इलाके का एक हिस्सा यूक्रेन के साथ सीमा साझा करता है। इलाके के गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव के मुताबिक रूसी सेना ने 5 ड्रोन को सफलतापूर्वक रोका। बहरहाल यूक्रेन के ड्रोन हमलों से मलबे में आग लग गई, जिससे वहां मौजूद विस्फोटक पदार्थों में धमाका हो गया। मगर इससे नागरिक ढांचों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इसके बावजूद एहतियाती उपाय किए गए। जिसमें तीन बस्तियों में इमरजेंसी प्रोटोकॉल को लागू किया गया और 200 लोगों को उनके घरों से निकालना शामिल है।

ब्राजील एयरपोर्ट फंसे हैं सैकड़ों एशियाई प्रवासियों में भारतीय भी शामिल

-प्रवेश का कर रहे हफ्तों से इंतजार, फर्श पर सोने को मजबूर

पाउलो (एजेंसी)। साओ ब्राजील में दाखिल होने के लिए कई दिनों से सैकड़ों एशियाई प्रवासी साओ पाउलो के ग्वारूलोस एयरपोर्ट पर बुरी परिस्थिति में फंसे हुए हैं। इन फंसे हुए प्रवासियों में भारतीय, नेपाली और वियतनाम के लोग शामिल हैं जो फर्श पर सोने को मजबूर हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक ये प्रवासी बिना वीजा के ब्राजील में एंट्री पाने के लिए ग्वारूलोस साओ पाउलो अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर परमिशन का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट में पब्लिक डिफेंडर कार्यालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया है कि प्रवासी प्रतिबंधित क्षेत्र में रह रहे हैं, जहां खाना और पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। अधिकारी ने आगे कहा कि यहां तक ??कि बच्चों को ठंड से बचने के लिए कंबल तक मुहैया नहीं कराए गए हैं।

अधिकारियों से शरणार्थियों को स्वीकार करने और उन्हें उनके मूल देश में नहीं लौटाने के मानवीय सिद्धांत पर आधारित ब्राजील के कानून का पालन करने का आग्रह किया गया है। साथ ही प्रवासियों की स्थिति में सुधार की बात कही है। अधिकारी के हवाले से कहा गया कि एयरपोर्ट पर प्रवासियों का स्वास्थ्य खराब हो रहा था, घाना के एक प्रवासी की दो सप्ताह पहले मौत हो गई। हालांकि ये साफ नहीं हुआ है कि प्रवासी की मौत एयरपोर्ट पर हिरासत में लिए जाने के दौरान हुई या अस्पताल ले जाते समय हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्राजील सोमवार से अमेरिका और कनाडा में प्रवास करने के प्रयास में देश में शरण लेने वाले कुछ एशियाई लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर देगा। ताकि अमेरिका और कनाडा जाने के लिए ब्राजील को पड़ाव के रूप में इस्तेमाल करने वाले विदेशियों के आने-जाने को रोका जा सके। इससे उन एशियाई प्रवासियों पर असर पड़ेगा. जिन्हें ब्राजील में रहने के लिए वीजा जरूरी है। साओ पाउलो के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रवासी अन्य जगहों के लिए टिकट बुक करते हैं, लेकिन वह अपनी यात्रा न कर शरण के लिए ब्राजील में ही रुक जाते हैं।

ब्राज़ील की शरणार्थी समिति ने बताया कि नियम विशेष रूप से साओ पाउलो एयरपोर्ट पर लागू होंगे और शरण चाहने वालों पर ब्राजील की नीति में कोई बदलाव नहीं आएगा। हालांकि, यह साफ नहीं है कि जो प्रवासी पहले से ही साओ पाउलो एयरपोर्ट पर हैं, वे नियमों से प्रभावित होंगे या ये केवल उन लोगों पर लागू होंगे जो नियम लागू होने के बाद ब्राज़ील पहुंचेंगे।

कृष्ण पूर्णतया निर्विकारी हैं। तभी तो उनके अंगों के साथ भी लोग 'कमल' शब्द जोड़ते हैं, जैसे- कमलनयन, कमलमुख, करकमल आदि। उनका स्वरूप चैतन्य है। कृष्ण ने तो द्रोपदी का चीर बढ़ाकर उसे अपमानित होने से बचाया था। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का दिन बड़ा ही पवित्र है। जैनियों के भावी तीर्थंकर और वैदिक परंपरा के नारायण श्रीकृष्ण के अवतरण का दिन है।

सोलह कलाओं के अवतार हैं

श्रीकृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण को सोलह कलाओं का अवतार माना जाता है। सच में कृष्ण ने समाज के छोटे से छोटे व्यक्ति का सम्मान बढ़ाया, जो जिस भाव से सहायता की कामना लेकर कृष्ण के पास आया, उन्होंने उसी रूप में उसकी इच्छा पूरी की। अपने कार्यों से उन्होंने लोगों का इतना विश्वास जीत लिया कि आज भी लोग उन्हें 'भगवान श्रीकृष्ण' के रूप में ही मानते और पूजते हैं। कृष्ण पूर्णतया निर्विकारी हैं। तभी तो उनके अंगों के साथ भी लोग 'कमल' शब्द जोड़ते हैं, जैसे- कमलनयन, कमलमुख, करकमल आदि। उनका स्वरूप चैतन्य है। कृष्ण ने तो द्रोपदी का चीर बढ़ाकर उसे अपमानित होने से बचाया था। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का दिन बड़ा ही पवित्र है। जैनियों के भावी तीर्थंकर और वैदिक परंपरा के नारायण श्रीकृष्ण के अवतरण का दिन है। कृष्ण ने सारी दुनिया को कर्मयोग का पाठ पढ़ाया। उन्होंने प्राणीमात्र को यह संदेश दिया कि केवल कर्म करना आदमी का अधिकार है। फल की इच्छा रखना उसका अधिकार नहीं। इंसान सुख और दुख दोनों में भगवान का स्मरण करता है। श्रीकृष्ण का जीवन भी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उनके जीवन को हम तीन भागों में विभक्त करें तो वे जेल में पैदा हुए, महल में जिए और जंगल से विदा हुए। जेल में पैदा होना बुरी बात नहीं है, जेल में जीना और मरना अपराध हुआ करता है। आदमी जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। भगवान श्रीकृष्ण, मर्यादा पुरुषोत्तम राम और भगवान महावीर आदि महापुरुषों ने हमें जीवन जीने की सीख दी है। राम, कृष्ण एवं महावीर का जीवन अलग-अलग मर्यादाओं और संदेशों पर आधारित है। राम ने जीवन भर मर्यादाएं नहीं तोड़ीं, वे देव बनकर जिए। श्रीकृष्ण वाकपुटता में जीवन जीते रहे। मर्यादाओं से नीरस हुए जीवन को कृष्ण ने रस और आनंद से भर दिया, लेकिन महावीर ने परम विश्राम और समाधि का सूत्र दिया। उन्होंने मौन साधना सिखाई। मित्रता सीखनी हो तो कृष्ण से सीखो वे सबको अपने समान चाहते थे। उनकी दृष्टि में अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं था। अतः हमें भी कृष्ण की इसी सीख को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

व्रत-पूजन कैसे करें

उपवास की पूर्व रात्रि को हल्का भोजन करें और ब्रह्मचर्य का पालन करें।

उपवास के दिन प्रातःकाल स्नानादि नित्य कर्मों से निवृत्त हो जाएं।

तत्पश्चात सूर्य, सोम, यम, काल, संधि, भूत, पवन, दिक्पति, भूमि, आकाश, खेचर, अमर और ब्रह्मादि को नमस्कार कर पूर्व या उत्तर मुख बैठें।

इसके बाद जल, फल, कुश और गंध लेकर संकल्प करें

ममखिलपापप्रशमनपूर्वक सर्वाभीष्ट सिद्धये श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रतमहं करिष्ये॥

अब मध्याह्न के समय काले तिलों के जल से स्नान कर देवकीजी के लिए सूतिकागृह नियत करें।

तत्पश्चात भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।

मूर्ति में बालक श्रीकृष्ण को स्तनपान कराती हुई देवकी हों और लक्ष्मीजी उनके चरण स्पर्श किए हों अथवा ऐसे भाव हो।

इसके बाद विधि-विधान से पूजन करें

पूजन में देवकी, वसुदेव, बलदेव, नंद, यशोदा और लक्ष्मी इन सबका नाम क्रमशः निर्दिष्ट करना चाहिए।

फिर इस मंत्र से पुष्पांजलि अर्पण करें-

प्रणमे देव जननी त्वया जातस्तु वामनः।
वसुदेवात तथा कृष्णो नमस्तुभ्यं नमो नमः।
सुपुत्रार्घ्यं प्रदत्तं में गृहाणेमं नमोऽस्तुते।
अंत में प्रसाद वितरण कर भजन-कीर्तन करते हुए रतजगा करें।

श्रीकृष्ण बना रहे

मालामाल

जन्माष्टमी पर इन्हीं पोशाकों को धारण कर ठाकुरजी अपने अनन्य भक्तों को दर्शन देकर निहाल करेंगे। ब्रज के लाला के जन्मोत्सव की तैयारियां हिंदू ही नहीं, यहां का मुस्लिम समाज भी कर रहा है। ठाकुरजी को पहनाई जाने वाली पोशाकें और मुकुट श्रृंगार को तैयार करने में मुस्लिम समाज के कारीगर दिन रात एक करने लगे हैं।

भगवान श्रीकृष्ण दीन दयाल कहलाते हैं। जो भी इनकी शरण में आ जाता है, उसे धनवान बना देते हैं। श्रीकृष्ण की कृपा से हिंदू हमेशा से धनवान होते रहे हैं, लेकिन श्रीकृष्ण की लीलास्थली में मुसलमान भी श्रीकृष्ण की कृपा से निहाल हो रहे हैं और श्रीकृष्ण उन्हें मालामाल बना रहे हैं।

ऐसे कृपा बरस रही है कृष्ण की

वृंदावन के मुसलमानों को श्रीकृष्ण इसलिए मालामाल बन रहे हैं कि यहां के मुसलमान हिंदुओं की आस्था के केंद्र ठाकुर जी के लिए पूरी निष्ठा के साथ एक से बढ़कर एक शानदार पोशाकें, मुकुट श्रृंगार तैयार कर रहे हैं।

जन्माष्टमी पर इन्हीं पोशाकों को धारण कर ठाकुरजी अपने अनन्य भक्तों को दर्शन देकर निहाल करेंगे। ब्रज के लाला के जन्मोत्सव की तैयारियां हिंदू ही नहीं, यहां का मुस्लिम समाज भी कर रहा है। ठाकुरजी को पहनाई जाने वाली पोशाकें और मुकुट श्रृंगार को तैयार करने में मुस्लिम समाज के कारीगर दिन रात एक करने लगे हैं। कई परिवार वर्षों से ठाकुरजी की पोशाक और मुकुट श्रृंगार को मूर्त रूप प्रदान करते आए हैं। यह हमारी जीविका का साधन भी है। सैकड़ों मुस्लिम परिवारों का पालन ठाकुरजी की पोशाक और श्रृंगार के निर्माण से चल रहा है।

विदेशों में भी इनके कपड़े पहनते हैं श्रीकृष्ण

वृंदावन के मुस्लिम समाज द्वारा बनाई गई पोशाक गुजरात के अहमदाबाद स्थित अक्षरधाम के राधा-कृष्ण के श्री विग्रह और दिल्ली एवं पंजाबी बाग के इस्कान मंदिर के श्री विग्रह धारण करेंगे। वृंदावन में बनाई जाने वाली पोशाकों की मांग इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया के भारतीय मूल के लोगों के अलावा विदेशी भी अधिक पसंद करते हैं। वे वृंदावन से खरीदकर अपने अपने देश ले जाते हैं।

राधा और कृष्ण का आपस में

कैसा नाता

भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के बारे में यह माना जाता है कि इन दोनों के बीच प्रेम संबंध था, जबकि असलियत यह है कि कृष्ण और राधा के बीच प्रेम से बढ़कर भी एक नाता था। यह नाता है पति-पत्नी का, लेकिन इस रिश्ते के बारे में सिर्फ़ तीन लोगों को पता था- एक तो कृष्ण, दूसरी राधा रानी और तीसरे ब्रह्मा जी, जिन्होंने कृष्ण और राधा का विवाह करवाया था, लेकिन इन तीनों में आपके कोई भी इस बात की गवाही देने नहीं आएगा, लेकिन जिस स्थान पर इन दोनों का विवाह हुआ था, वहां के वृक्ष आज भी राधा-कृष्ण के प्रेम और मिलन की गवाही देते हैं।

तब राधा-कृष्ण का विवाह संपन्न हुआ

गर्ग संहिता के अनुसार, मथुरा के पास स्थित भांडीर वन में भगवान श्रीकृष्ण और देवी राधा का विवाह हुआ था। इस संदर्भ में कथा है कि एक बार नंदराय जी बालक श्रीकृष्ण को लेकर भांडीर वन से गुजर रहे थे। उसी समय अचानक देवी राधा प्रकट हुई। देवी राधा के दर्शन पाकर नंदराय जी ने श्रीकृष्ण को राधा जी की गोद में दे दिया। श्रीकृष्ण बाल रूप त्याग कर किशोर बन गए। तभी ब्रह्मा जी भी वहां उपस्थित हुए। ब्रह्मा जी ने कृष्ण का विवाह राधा से करवा दिया। कुछ समय तक कृष्ण राधा के संग इसी वन में रहे। फिर देवी राधा ने कृष्ण को उनके बाल रूप में नंदराय जी को सौंप दिया।

राधा जी की मांग में सिंदूर

भांडीर वन में राधाजी और भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर बना हुआ है। इस मंदिर में स्थित विग्रह अपने आप अनोखा है, क्योंकि यह अकेला ऐसा विग्रह है, जिसमें श्रीकृष्ण भगवान राधाजी की मांग में सिंदूर भरते हुए दृश्य हैं।

भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश

गीता के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अनासक्त कर्म यानी 'फल की इच्छा किए बिना कर्म' करने की प्रेरणा दी। इसका प्रमाण उन्होंने अपने निजी जीवन में भी प्रस्तुत किया। मथुरा विजय के बाद भी उन्होंने वहां शासन नहीं किया।

कला से प्रेम करो : संगीत और कलाओं का हमारे जीवन में विशिष्ट स्थान है। भगवान ने मोरपंख और बांसुरी धारण करके कला, संस्कृति एवं पर्यावरण के प्रति अपने लगाव को दर्शाया। इनके जरिए उन्होंने संदेश दिया कि जीवन को सुंदर बनाने में संगीत और कला का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

निर्बल का साथ दो : कमजोर एवं निर्बल का सहारा बनो। निर्धन बाल सखा सुदामा हो या षड्यंत्र का शिकार पांडव, श्रीकृष्ण ने सदा निर्बलों का साथ दिया और उन्हें मुसीबत से उबारा।

अन्याय का प्रतिकार करो : अन्याय का सदा विरोध होना चाहिए। श्रीकृष्ण की शांतिप्रियता कायर की नहीं, बल्कि एक वीर की थी। उन्होंने अन्याय कभी स्वीकार नहीं किया। शांतिप्रिय होने के बावजूद शत्रु अगर गलत है तो उसके शमन में पीछे नहीं हटें।

मातृशक्ति के प्रति आदर भाव रखें : महिलाओं के प्रति सम्मान और उन्हें साथ लेकर चलने का भाव हो। भगवान कृष्ण की रासलीला दरअसल मातृशक्ति को अन्याय के प्रति जागृत करने का प्रयास था और इसमें राधा उनकी संदेशवाहक बनीं।

अपने अहंकार को छोड़ो : व्यक्तिगत जीवन में हमेशा सहज एवं सरल बने रहो। जिस तरह शक्ति संपन्न होने पर भी श्रीकृष्ण को न तो युधिष्ठिर का दूत बनने में संकोच हुआ और न ही अर्जुन का सारथी बनने में। एक बार तो दुर्योधन के छप्पन व्यंजन को छोड़कर विदुरानी (विदुर की पत्नी) के घर उन्होंने सादा भोजन करना पसंद किया।

जीवन में उदारता रखें : उदारता व्यक्तित्व को संपूर्ण बनाती है। श्रीकृष्ण ने जहां तक हो सका मित्रता, सहयोग सामंजस्य आदि के बल पर ही परिस्थितियों को सुधारने का प्रयास किया, लेकिन जहां जरूरत पड़ी, वहां सुदर्शन चक्र उठाने में भी उन्होंने संकोच नहीं किया। वहीं अपने निर्धन सखा सुदामा का अंत तक साथ निभाया और उनके चरण तक पखारे।

कविताएं

चन्दन की खुशबू, फूलों का हार

चन्दन की खुशबू, फूलों का हार,
दही की हांडी, बारीश की फुहार,
माखन चुराने आया नंदलाल,
यशोमती मैया का नंदगोपाल !

राधा की भक्ति, मुरली की मिठास,
माखन का स्वाद और गोपियों का रास,
इन्ही सबसे मिलकर बनता है,
जन्माष्टमी का ये दिन ख़ास !

मुरली मनोहर, ब्रिज के धरोहर,
मुरली की मधुर आवाज़, झूम उठे ये बहार,
कृष्ण जिनका नाम, गोकुल जिनका धाम,
श्री कृष्ण भगवान को हम सबका प्रणाम !

कान्हा

द्वापर में भादों के महीने में
काली अंधेरी रात में
जन्म लिया कान्हा ने
मथुरा में कारागार के कक्ष में।
था दिवस चमत्कारी
सारे बंधन टूट गए
द्वार के ताले स्वत: खुले
जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।
बेटे को बचाने के लिए
गोकुल जाने के लिए
वासुदेव ने जैसे ही
जल में पैर धरा
जमुना की श्रद्धा ऐसी जागी
बाढ़ आ गई नदिया में।
बाहर पैर आते ही
कान्हा के पैरों को पखारा
जैसें ही छू पाया उन्हें
अद्भुत शांति छाई जल में।
सारा गोकुल धन्य हो गया
कान्हा को पा बाहों में
गोपिया खो गईं
मुरली की मधुर धुन में।
बंधीं प्रेम पाश में उसके
रम कर रह गईं उसी में
ज्ञान उद्धव का धरा रह गया
उनको समझाने में।
वे नहीं जानती थीं उद्देश्य
कृष्ण के जाने का
कंस के अत्याचारों से
सब को बचाने का ।
अंत कंस का हुआ
सुखी समृद्ध राज्य हुआ
कौरव पांडव विवाद में
मध्यस्थ बने सहायता की ।
सच्चाई का साथ दिया
युद्ध से विचलित अर्जुन को
गीता का उपदेश दिया
आज भी है महत्व जिसका।
जन्म दिन कान्हा का
हर साल मनाते हैं
श्रद्धा से भर उठाते हैं
जन्माष्टमी मनाते हैं ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011